
# नेशनल प्रेस टाइम्स

नई दिल्ली, मंगलवार
29 अप्रैल 2025

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 11, अंक : 60 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579

## यूपी से बाहर किए गए सभी पाकिस्तानी



लखनऊ। सीएम योगी आदित्यनाथ ने उच्चस्तरीय बैठक करके अधिकारियों को पाक नागरिकों के खिलाफ सख्त एक्शन लेने के निर्देश दिए हैं। शायद इसी का नतीजा है कि प्रदेश से सभी पाकिस्तानी बाहर कर दिए गए हैं। एक पाकिस्तानी नागरिक बचा है, उसे भी बुधवार को भेज दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश से सभी पाकिस्तानी नागरिकों को बाहर कर दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 24 घंटे के अंदर पाकिस्तानी नागरिकों को ढूंढकर देश से बाहर भेज दिया गया। अंतिम बचे एक नागरिक को बुधवार को वापस भेज दिया जाएगा। इसके साथ ही पुलिस विभाग और खुफिया एजेंसियां लगातार इन पर नजर रखे हुए हैं।

शेष पेज 2 पर

# समुंदर में दहाड़ेगा हिंद का शेर कांपेगा चीन, पाकिस्तान होगा ढेर

## मोदी के दोस्त मैक्रों क्या तबाही भारते भेज रहे हैं?



**नई दिल्ली।** भारत और फ्रांस के बीच 26 राफेल समुद्री लड़ाकू विमानों की खरीद के लिए 63,000 करोड़ रुपये के ऐतिहासिक सौदे पर हस्ताक्षर किए गए। इस हस्ताक्षर समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मौजूद थे। एक वर्चुअल कार्यक्रम में इस समझौते पर मुहर लगाई गई।

भारतीय नौसेना के लिए जिस राफेल डील को लेकर भारत लंबा इंतजार कर रहा था। अब वो डील फाइनल हो गई है। भारत और पाकिस्तान के बीच इधर तनाव बढ़ा और उधर भारत और फ्रांस के बीच ऐतिहासिक डील लॉक हो गई। भारत में अब राफेल मरीन आ रहे हैं। वो राफेल मरीन जो भारतीय नौसेना की ताकत को जबरदस्त इजाफा देंगे। भारत और फ्रांस के बीच राफेल मरीन फाइटर जेट की डील पूरी हो गई है। भारत और फ्रांस के बीच 26 राफेल समुद्री लड़ाकू विमानों की खरीद के लिए 63,000 करोड़ रुपये के ऐतिहासिक सौदे पर हस्ताक्षर किए गए। इस हस्ताक्षर समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मौजूद थे। एक वर्चुअल कार्यक्रम में इस समझौते पर मुहर लगाई गई।

पहले की योजनाओं में फ्रांसीसी रक्षा मंत्री को व्यक्तिगत रूप से समारोह में भाग लेने की बात शामिल थी, लेकिन व्यक्तिगत कारणों से उनका दौरा रद्द कर दिया गया। इस सौदे को इस महीने की शुरुआत में ही सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति से हरी झंडी मिल चुकी थी। देश के विमानवाहकों को तैनाती के लिए तत्काल नए लड़ाकू विमानों की आवश्यकता है, क्योंकि मिग-29 के लड़ाकू विमानों के मौजूदा बेड़े ने कथित तौर पर रखरखाव संबंधी मुद्दों के कारण खराब प्रदर्शन किया है।

शेष पेज 2 पर

# पानी के बाद अब दवाओं के लिए तरसने लगा पाकिस्तान

## भारत के फैसले से उड़ी नींद



अमृतसर । अटारी बॉर्डर अमृतसर में स्थित है। भारत और पाकिस्तान के बीच सबसे ज्यादा व्यापार इसी सीमा के जरिए होता है। भारत के फैसले के बाद पाकिस्तान ने हमारे साथ व्यापार बंद कर दिया है। आपको बता दें कि साल 2024 में भारत और पाकिस्तान के बीच व्यापार 127 प्रतिशत की बंपर वृद्धि के साथ 1.2 बिलियन डॉलर तक पहुँच गया है। ये आँकड़े दूसरे देशों के मुकाबले काफी कम हैं, लेकिन साल 2023 के मुकाबले यह काफी ज्यादा है, क्योंकि 2023 में दोनों देशों के बीच सिर्फ 0.53 बिलियन डॉलर का व्यापार हुआ।

पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत ने पाकिस्तान के साथ सभी तरह के व्यापार रोक दिए हैं। इस कदम से दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है। भारत ने अटारी-वाघा सीमा बंद कर दी है और इस फैसले से भारत और पाकिस्तान के बीच 3886.53 करोड़ रुपये का सीमा पार व्यापार रुकने की आशंका है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव के अनुमान के मुताबिक भारत और पाकिस्तान के बीच सीधा व्यापार बहुत कम है, लेकिन अप्रत्यक्ष माध्यमों से भारत से हर साल 10 अरब डॉलर का सामान पाकिस्तान पहुंचता है।

अटारी बॉर्डर अमृतसर में स्थित है। भारत और पाकिस्तान के बीच सबसे ज्यादा व्यापार इसी सीमा के जरिए होता है। भारत के फैसले के बाद पाकिस्तान ने हमारे साथ व्यापार बंद कर दिया है। आपको बता दें कि साल 2024 में भारत और पाकिस्तान के बीच व्यापार 127 प्रतिशत की बंपर वृद्धि के साथ 1.2 बिलियन डॉलर तक पहुँच गया है।

## 'पहलगाम मुद्दे पर पार्टी लाइन से अलग बयान न दें', कांग्रेस ने अपने नेताओं को जारी किया निर्देश



**नई दिल्ली।** कांग्रेस की ओर से यह आदेश ऐसे समय में आया है जब इस हमले पर पार्टी के कुछ नेताओं की टिप्पणियों ने विवाद को जन्म दे दिया है, जिसमें कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया का बयान भी शामिल है। अब युद्ध की कोई जरूरत नहीं है कहने के बाद विवाद खड़ा होने के एक दिन बाद, कर्नाटक के सीएम ने रविवार को स्पष्टीकरण जारी किया।

कांग्रेस ने सोमवार को अपने पार्टी नेताओं से पहलगाम आतंकी हमले पर ऐसी कोई टिप्पणी न करने को कहा जो इस मुद्दे पर पार्टी के आधिकारिक रुख से अलग हो। सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस ने निर्देश दिया, "पहलगाम मुद्दे पर पार्टी लाइन से अलग बयान न दें।" कांग्रेस की ओर से यह आदेश ऐसे समय में आया है जब इस हमले पर पार्टी के कुछ नेताओं की टिप्पणियों ने विवाद को जन्म दे दिया है, जिसमें कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया का बयान भी शामिल है।

शेष पेज 2 पर

# 26/11 हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा को NIA ने कोर्ट में किया पेश

## 12 दिन की हिरासत बढ़ाई

नई दिल्ली । 26/11 मुंबई हमले में 174 लोगों की जान गई थी और 300 से अधिक लोग घायल हुए थे। इस हमले को पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा ने अंजाम दिया था। राणा पर आरोप है कि उसने इस हमले की साजिश में अहम भूमिका निभाई थी।

पटियाला हाउस कोर्ट ने 26/11 मुंबई हमलों के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा की हिरासत 12 दिनों के लिए बढ़ा दी है। एनआईए की अर्जी पर सोमवार को कोर्ट ने फैसला सुनाया। राणा को उसकी 18 दिन की एनआईए हिरासत की समाप्ति पर कड़ी सुरक्षा के बीच विशेष एनआईए न्यायाधीश चंद्रजीत सिंह के समक्ष पेश किया गया।



वरिष्ठ वकील दयान कृष्णन और विशेष सरकारी अभियोजक नरेन्द्र मान द्वारा चैम्बर कार्यवाही में राष्ट्रीय जांच एजेंसी का प्रतिनिधित्व किया। वहीं दिल्ली विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिवक्ता पीयूष सचदेवा तहव्वुर राणा का पक्ष रखा।


**18 दिन की हिरासत में रह चुका है राणा-** इससे पहले 11 अप्रैल को कोर्ट ने राणा को 18 दिन की हिरासत में भेजा था। इस दौरान एनआईए ने उससे 2008 के घातक हमलों के पीछे की पूरी साजिश का पता लगाने के लिए विस्तार से पूछताछ की। बता दें कि इस हमले में 166 लोग मारे गए थे और 238 से अधिक घायल हुए थे।

**अमेरिका से प्रत्यर्पित कर भारत लाया गया राणा**

मुंबई आतंकी हमलों के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा को अमेरिका से प्रत्यर्पित कर भारत लाया गया। राणा को लेकर दिल्ली पहुंची राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की विशेष टीम में तीन अधिकारियों का सबसे अहम रोल रहा। जिन अधिकारियों ने राणा को अमेरिका से भारत लाने में अहम भूमिका निभाई है, उसमें 1997 बैच के झारखंड कैडर के आईपीएस आशीष बत्रा, छत्तीसगढ़ कैडर के आईपीएस अधिकारी प्रभात कुमार के अलावा झारखंड कैडर की महिला आईपीएस जया रॉय शामिल हैं। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने 2023 में उसके प्रत्यर्पण को मंजूरी दी थी, जिसे फरवरी 2025 में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अंतिम रूप से स्वीकृति दी।

शेष पेज 2 पर

## हमने दो-राष्ट्र सिद्धांत को फेंक दिया... पहलगाम हमले के बाद फारूक अब्दुल्ला का पाकिस्तान को बड़ा संदेश



जम्मू । दो राष्ट्र सिद्धांत पर बात करते हुए अब्दुल्ला ने पाकिस्तान को बड़ा संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों ने 1947 में इस सिद्धांत को खारिज कर दिया था और आज भी इसे स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं।

जम्मू एवं कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि कश्मीरियों ने 1947 में द्वि-राष्ट्र सिद्धांत को पानी में फेंक दिया था और कहा था कि उनका क्षेत्र पाकिस्तान के साथ नहीं जाएगा। नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष ने कहा कि वह पहले पाकिस्तान के साथ बातचीत के पक्ष में थे, लेकिन अब वह चाहते हैं कि केंद्र सरकार ऐसी कार्रवाई करे कि इस तरह के हमले फिर कभी न हों। एनआई ने अब्दुल्ला के हवाले से कहा, "मैं हमेशा पाकिस्तान के साथ बातचीत का पक्षधर रहा हूं। हम उन लोगों को क्या जवाब देंगे जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया? क्या हम न्याय कर रहे हैं? बालाकोट नहीं। आज, राष्ट्र ऐसी कार्रवाई चाहता है ताकि इस तरह के हमले कभी न हों।

दो राष्ट्र सिद्धांत पर बात करते हुए अब्दुल्ला ने पाकिस्तान को बड़ा संदेश दिया।

शेष पेज 2 पर

# बुजुर्गों को मिलेगा 10 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज

## दिल्ली सरकार ने शुरू की आयुष्मान वय वंदना योजना

नई दिल्ली। सीएम गुप्ता ने कहा कि ट्रिपल इंजन मॉडल के तहत यह अपनी तरह का पहला कार्यक्रम है और मैं प्रधानमंत्री (नरेंद्र) मोदी को इस स्वास्थ्य योजना के साथ हमारे बुजुर्गों का सम्मान करने के लिए धन्यवाद देती हूं। अमीर और गरीब के बीच कोई अंतर नहीं होगा; इस योजना से सभी को लाभ मिलेगा, चाहे उनकी वित्तीय पृष्ठभूमि कुछ भी हो।



बुजुर्गों की सहायता के लिए एक बड़ा कदम उठाते हुए, दिल्ली सरकार ने सोमवार को 'आयुष्मान वय वंदना' योजना शुरू की, जिसके तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के नागरिकों को 10 लाख रुपये तक का निःशुल्क चिकित्सा उपचार प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के साथ राजधानी में एक विशेष कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों को पहला वय वंदना कार्ड वितरित किया। इस पहल के तहत, पात्र बुजुर्गों को सालाना 5 लाख रुपये की निःशुल्क चिकित्सा सहायता मिलेगी।

**उम्मीदवार को मिले 8 वोट-** इसके अतिरिक्त, दिल्ली सरकार की एक अलग योजना के तहत 5 लाख रुपये का अतिरिक्त कवरेज प्रदान किया जाएगा,

शेष पेज 2 पर

डील ■ भारत को मिलेंगे 26 राफेल समुद्री लड़ाकू विमान

# पाकिस्तान से तनाव के बीच फ्रांस से 63000 करोड़ की डील

नई दिल्ली । भारत विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर तैनाती के लिए फ्रांसीसी रक्षा विनिर्माण कंपनी डसॉल्ट एविएशन से जेट खरीद रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (उउर) की ओर से खरीद को मंजूरी दिए जाने के तीन सप्ताह बाद इस मेगा डील पर मुहर लगी। अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के लगभग पांच साल बाद जेट की डिलीवरी शुरू करनी होगी।



भारत-पाकिस्तान के तनावपूर्ण रिश्ते के बीच भारत और फ्रांस ने सोमवार को दिल्ली में 26 राफेल मरीन लड़ाकू विमानों के लिए 63 हजार करोड़ रुपये के सौदे पर हस्ताक्षर किए। भारतीय पक्ष का प्रतिनिधित्व रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने किया, जबकि नौसेना के उप प्रमुख वाइस एडमिरल के स्वामीनाथन भी मौजूद थे। इससे पहले फ्रांस के रक्षा मंत्री खुद हस्ताक्षर समारोह में शामिल होने वाले थे, लेकिन उन्हें व्यक्तिगत कारणों से अपनी यात्रा रद्द करनी पड़ी। हालांकि, हस्ताक्षर समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मौजूद थे।

जुलाई 2023 में रक्षा मंत्रालय ने विचार-विमर्श और मूल्यांकन परीक्षणों के बाद मेगा अधिग्रहण के लिए प्रारंभिक स्वीकृति दी थी। इस सौदे के तहत भारतीय नौसेना को राफेल (मरीन) जेट विमानों के निर्माता डसॉल्ट एविएशन से हथियार प्रणाली और कलपुर्जे सहित संबंधित सहायक उपकरण भी मिलेंगे।

राफेल एम जेट आईएनएस विक्रांत से संचालित होंगे और मौजूदा मिग-29के बेड़े का सहयोग करेंगे। भारतीय वायु सेना पहले से ही 2016 में खरीदे गए 36 राफेल विमानों का बेड़ा संचालित कर रही है। ये विमान अंबाला और हासीमारा में स्थित हैं। इस नए सौदे से भारत में राफेल जेट विमानों की कुल संख्या बढ़कर 62 हो जाएगी, जिससे देश के 4.5 पीढ़ी के लड़ाकू विमानों के बेड़े में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। सूत्रों ने बताया कि भारतीय विमानवाहक पोतों, विशेष रूप से आईएनएस विक्रांत पर तैनाती के लिए 26 राफेल मरीन लड़ाकू विमानों की तत्काल आवश्यकता है।

शेष पेज 2 पर

# असम बार्ता' की पांचवीं वर्षगांठ के अवसर पर बसुंधरा युवा समारोह और पुरस्कार समारोह आयोजितमंत्री

## मंत्री रूपेश गोवाला को 'युवा राजनेता पुरस्कार', विधायक मृणाल सैकिया को 'डॉ पूर्ण नारायण सिंह राजनेता पुरस्कार' से किया पुरस्कृत

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

असम :असम के डिब्रूगढ़ के डॉ. रोहिणीकांत बरुआ लॉ कॉलेज के सभागार में रविवार को असम के लोकप्रिय समाचार पत्र दैनिक 'असम बार्ता' की पांचवीं वर्षगांठ के अवसर पर 'बसुंधरा युवा समारोह 2025 और पुरस्कार समारोह' भव्य तरीके से आयोजित किया गया। दोपहर 2 बजे से आयोजित कार्यक्रम के लिए असम बार्ता के निदेशक और प्रकाशक युवा पत्रकार तनय बरा ने स्वागत भाषण रखा। 'असम बार्ता' की पांचवीं वर्षगांठ के अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित वनपाल पद्मश्री यादव पायेंग ने 'असम बार्ता' की पांचवीं वर्षगांठ के अवसर पर अपनी शुभकामनाएं दीं और पर्यावरण के संरक्षण पर मानव जाति की जिम्मेदारियों और कर्तव्यों के बारे में बताया। वहीं इस अवसर पर 'असम बार्ता ' समूह के वर्ष 2025 के पुरस्कार प्रदान किए गए। असम के गृह, श्रम और चाय जनजाति कल्याण मंत्री और दुमदुमा निर्वाचन क्षेत्र के विधायक रूपेश गोवाला को 'युवा राजनेता पुरस्कार 2025' से सम्मानित किया गया। खुमताई निर्वाचन क्षेत्र के विधायक मृणाल सैकिया को 'डॉ. पूर्ण नारायण सिंह राजनेता पुरस्कार 2025',




गायक तथा संगीत निर्देशक मानस रॉबिन को 'बिष्णुप्रसाद राभा सांस्कृतिक पुरस्कार 2025', प्रतिदिन टाइम सैटेलाइट चैनल पर ऊपरी असम के ब्यूरो चीफ परमानंद बोरा को 'होमेन बोरगोहेन पत्रकारिता पुरस्कार 2025', प्रख्यात लेखक-कुशल पुलिस अधिकारी डॉ. नंद सिंह बरकला को 'साहित्य उन्नयन पुरस्कार 2025', प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता और डाइस इंडिया के निदेशक राजीव बोरा को 'जननेता पुरस्कार 2025' प्रदान करने के साथ ही ''असम बार्ता' अखबार के दुधनाई के स्टाफ रिपोर्टर, वरिष्ठ पत्रकार भवेश चंद्र भगवती को जर्नलिज्म ऑफ द ईयर पुरस्कार ओर तिनसुकिया के स्टाफ रिपोर्टर सैलेन गोगोई को यूथ जर्नलिज्म अवॉर्ड ऑफ द ईयर से सम्मानित किया गया। इसके अलावा, असम बार्ता समूह ने असम के सामाजिक, शैक्षणिक, राजनीतिक, साहित्य आदि विभिन्न क्षेत्रों के लगभग बीस पत्रकारों को पुरस्कार दिए और सम्मानित किया।

इस अवसर पर आमंत्रित अतिथियों के रूप में प्रख्यात लेखक, शोधकर्ता, भाषाविद् डॉ. भीमकांत बरुआ, प्रख्यात लेखिका और पूर्व प्रोफेसर भारती दत्ता भी उपस्थित थीं। दूसरी ओर एक विशिष्ट वक्ता के रूप में मौजूद है शिवसागर विश्वविद्यालय में दर्शनशास्त्र के प्रमुख प्रोफेसर एवं प्रख्यात लेखक डॉ. निरुपमा भट्टाचार्य। राज्य के विभिन्न हिस्सों से असम बार्ता के साथ काम करने वाले पत्रकार और कई प्रतिष्ठित हस्तियों की उपस्थिति में कल यह समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ ।

# भारत में डॉन समेत 16 बड़े पाकिस्तानी यूट्यूब चैनल बैन, सरकार ने BBC को भी दी चेतावनी

नई दिल्ली। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान पर चौतरफा लगाम कसने की जारी पहल के तहत सरकार ने भारत के खिलाफ दुष्प्रचार प्रोपेगेंडा में शामिल पाकिस्तान के 16 यू-ट्यूब चैनलों पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। प्रतिबंधित किए गई इन चैनलों में डान न्यूज, समा टीवी, एआरवाई न्यूज सरीखे पाकिस्तान के कई प्रमुख न्यूज संस्थान के यू-ट्यूब चैनल शामिल हैं।

दुष्प्रचार प्रोपगेंडा पर कसा लगाम केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आधारहीन झूठी तथा संप्रादायिक रूप से संवेदनशील सामग्री प्रसारित करने के आरोपों में इन चैनलों पर कार्रवाई की है। वहीं सरकार ने विश्व के चर्चित न्यूज संस्थान बीबीसी की पहलगाम हमले के आतंकवादियों को उग्रवादी बताने की उसकी रिपोटिंग पर भी आपत्ति जताई है। साथ ही बीबीसी की कवरेज की मानटिरिंग करने का फैसला किया है। पाकिस्तानी चैनलों पर प्रतिबंध की गृह मंत्रालय की सिफारिश पर अमल करते हुए सूचना प्रसारण मंत्रालय ने इन पर तत्काल प्रभाव से बैन लगा दिया।




**16 पाकिस्तानी यू-टयूब चैनल बैन**

प्रतिबंधित पाकिस्तानी यू-टयूब चैनलों के सब्सक्राइबर की संख्या सम्रग रूप से 6.3 करोड़ के करीब है। इन यू-ट्यूब चैनलों में डान न्यूज, इरशाद भट्टी, समा टीवी, एआरवाई न्यूज, बोल न्यूज, रफ्तार, द पाकिस्तान रेफरेंस, जियो न्यूज, समा स्पोर्ट्स, जीएनएन, उजैर क्रिकेट, उमर चीमा एक्सक्लूसिव, आसमां शिराजी, मुनीब फारूक, सुनो न्यूज और राजी नामा शामिल हैं।

# असम में कामरूप जिला विकास समिति की बैठक हुई सम्पन्न

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

असमः असम के कामरूप जिले की विकास समिति की बैठक आज जिला आयुक्त देब कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में अमीनगांव में एकीकृत जिला आयुक्त कार्यालय के बैठक कक्ष में आयोजित किया गया था । आज की बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, अमृत सरोवर आदि योजनाएं, जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), जन स्वास्थ्य तकनीकी विभाग विभाग, कृषि विभाग के पीएम किसान, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना आदि योजनाओं के साथ-साथ शिक्षा, मत्स्य, पशुपालन और पशु चिकित्सा, जल संसाधन, लोक निर्माण (आवास और सड़कें), स्वास्थ्य, समाज कल्याण, वन, हथकरघा और वस्त्र आदि जैसे विभिन्न विभागों के तहत चलाई जा रही योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाती है। बैठक में आगामी पंचायत चुनाव के मद्देनजर मतदान केंद्रों में पानी, बिजली, शौचालय, फर्नीचर, सड़क व्यवस्था आदि न्यूनतम सुविधाओं की उपलब्धता पर भी विस्तार से चर्चा की गई और जिला आयुक्त देव कुमार मिश्रा ने संबंधित विभागों को प्रत्येक मतदान केंद्र पर ऐसी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जिला आयुक्त ने स्वास्थ्य विभाग को सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों को तैयार रखने के भी निर्देश दिए ताकि वे आवश्यकता पड़ने पर मतदान के लिए जाने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर सकें। उन्होंने जल संसाधन, लोक निर्माण (सड़क) जैसे विभागों को बाढ़ की संभावित स्थिति के मद्देनजर मथौरी और सड़कों को बाढ़ से होने वाले नुकसान से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए। बैठक में कामरूप जिला परिषद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ गोस्वामी, कामरूप जिले के जिला विकास आयुक्त सुशांत कुमार दत्ता और विभिन्न विभागों के प्रमुख उपस्थित थे।

# पेज एक का शेष...

## समुंदर में दहाड़ेगा हिंद का शेर कांपेगा चीन, पाकिस्तान होगा ढेर

राफेल लड़ाकू विमान को आईएनएस विक्रांत पर तैनात किया जाएगा, जो वर्तमान में सेवा में है। राफेल एम जेट को भारतीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अनुकूलित किया जाएगा और विमान वाहक में एकीकृत किया जाएगा। स्वदेशी वाहक-जनित लड़ाकू जेट के विकास के पूरा होने तक इन वाहक-जनित लड़ाकू विमानों को एक स्टॉपगैप समाधान के रूप में खरीदा जा रहा है। सरकार-से-सरकार के अनुबंध में 22 सिंगल-सीटर और चार ट्विन-सीटर जेट शामिल हैं, साथ ही बेड़े के रखरखाव, रसद सहायता, कर्मियों के प्रशिक्षण और स्वदेशी घटक निर्माण के लिए एक व्यापक पैकेज भी शामिल है।

यहां यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि राफेल एम जेट आईएनएस विक्रांत से संचालित होंगे और मौजूदा मिग-29ङ बेड़े का समर्थन करेंगे। भारतीय वायु सेना पहले से ही 2016 में हस्ताक्षरित एक अलग सौदे के तहत हासिल किए गए 36 राफेल विमानों का बेड़ा संचालित करती है। ये विमान अंबाला और हासीमारा में स्थित हैं। नए सौदे से भारत में राफेल विमानों की कुल संख्या 62 हो जाएगी, जिससे देश के 4.5 पीढ़ी के लड़ाकू विमानों के बेड़े में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

## बुजुर्गों को मिलेगा 10 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज

जिससे स्वास्थ्य सुरक्षा प्रभावी रूप से दोगुनी होकर कुल 10 लाख रुपये हो जाएगी। सीएम गुप्ता ने कहा कि ट्रिपल इंजन मॉडल के तहत यह अपनी तरह का पहला कार्यक्रम है और मैं प्रधानमंत्री (नरेंद्र) मोदी को इस स्वास्थ्य योजना के साथ हमारे बुजुर्गों का सम्मान करने के लिए धन्यवाद देती हूं। अमीर और गरीब के बीच कोई अंतर नहीं होगा; इस योजना से सभी को लाभ मिलेगा, चाहे उनकी वित्तीय पृष्ठभूमि कुछ भी हो।

उन्होंने कहा कि पंजीकरण आज से शुरू हो रहा है और एकमात्र मानदंड यह है कि आप दिल्ली के नागरिक होने चाहिए और आपके पास आधार कार्ड होना चाहिए। आप आज से नामांकन कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि इस योजना में शहर के 100 से ज्यादा अस्पताल शामिल हैं और 30,000 से ज्यादा अस्पताल कैशलेस इलाज के लिए पंजीकृत हैं। उन्होंने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण कदम है। पिछली आप सरकार पर निशाना साधते हुए गुप्ता ने कहा, "पिछली सरकार ने अहंकार और राजनीतिक कारणों से दिल्ली में इस योजना को सात साल तक टालकर अन्याय किया। अब हम तीन गुना भागीदारी के साथ दिल्ली में बदलाव लाने का वादा करते हैं। शहर और भी सुंदर, शिक्षित और विकसित बनेगा। इस योजना का लाभ सभी को मिलेगा। हम मिलकर काम करेंगे और यह एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। बहाने अब काम नहीं आएंगे, हम वो विकास करेंगे जिसकी दिल्ली हकदार है।

यहाँ यह ध्यान देने वाली बात है कि वय वंदना योजना के तहत प्रत्येक पंजीकृत वरिष्ठ नागरिक को एक अद्वितीय स्वास्थ्य कार्ड प्रदान किया जाएगा। इस कार्ड में उनके संपूर्ण स्वास्थ्य रिकॉर्ड, नियमित स्वास्थ्य जांच की जानकारी और आपातकालीन सेवा का विवरण सुरक्षित रूप से संग्रहीत किया जाएगा। इस योजना के तहत दिल्ली में 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के नागरिकों के लिए सभी स्वास्थ्य परीक्षण पूरी तरह से निःशुल्क किए जाएंगे।

## यूपी से बाहर किए गए सभी पाकिस्तानी

दरअसल, पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने सभी पाकिस्तानी नागरिकों का वीजा रद्द कर दिया है। इसको देखते हुए यूपी सरकार ने कड़े कदम उठाए हैं। सीएम योगी ने बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेश में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को तत्काल प्रदेश से बाहर करने के साथ ही उन्हें देश के बाहर रवाना करें। साथ ही यह सुनिश्चित करें कि वह सीधे पाकिस्तान ही जाएं। इसके लिए उनके साथ पुलिस दल को भेजें।

शत-प्रतिशत पाकिस्तानी नागरिक यूपी से भेजे गए वापस- डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि सीएम के निर्देश पर प्रदेशभर में पाकिस्तानी नागरिकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। उन्हें ढूंढकर तत्काल वापस भेजा गया। शत प्रतिशत पाकिस्तानी नागरिकों को वापस उनके देश में भेज दिया गया है। यह सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न जिलों से पाकिस्तानी नागरिकों के साथ स्थानीय पुलिस दल को भी भेजा गया। वर्तमान में एक पाकिस्तानी नागरिक बचा है। उसे 30 अप्रैल को पाक भेज दिया जाएगा।

## 'पहलगाम मुद्दे पर पार्टी लाइन से अलग बयान न दें', कांग्रेस ने अपने नेताओं को जारी किया निर्देश

अब युद्ध की कोई जरूरत नहीं है कहने के बाद विवाद खड़ा होने के एक दिन बाद, कर्नाटक के सीएम ने रविवार को स्पष्टीकरण जारी किया।

सिद्धारमैयाने अपने बयान को स्पष्ट करते हुए कहा, "मैंने कभी नहीं कहा कि पाकिस्तान के साथ युद्ध नहीं होना चाहिए; अगर युद्ध अपरिहार्य है, तो यह होगा।" जहां कांग्रेस ने इस टिप्पणी से खुद को अलग कर लिया, वहीं भाजपा ने सिद्धारमैया पर निशाना साधते हुए उन्हें पाकिस्तान रत्न कहा। उल्लेखनीय है कि उनकी टिप्पणी को एक पाकिस्तानी समाचार चैनल ने भी चलाया। इस बीच, महाराष्ट्र कांग्रेस के नेता विजय वडेट्टीवार ने भी यह कहकर विवाद खड़ा कर दिया कि, "सरकार को पहलगाम आतंकवादी हमले की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। वे (सरकार) कह रहे हैं कि आतंकवादियों ने लोगों से (उनके धर्म के बारे में) पूछकर उन्हें मार डाला। क्या आतंकवादियों के पास यह सब करने का समय है? ... कुछ लोग कहते हैं कि ऐसा नहीं हुआ। आतंकवादियों की कोई जाति या धर्म नहीं होता। जिम्मेदार लोगों की पहचान करें और उचित कार्रवाई करें। यह देश की भावना है।"

भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा है कि कांग्रेस के कुछ नेताओं की टिप्पणियों का इस्तेमाल पाकिस्तान भारत को बदनाम करने के लिए कर रहा है। भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रसाद ने राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे से सवाल किया कि क्या उनका ऐसे नेताओं पर कोई नियंत्रण है। भाजपा नेता ने कहा कि पहलगाम में जो दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई, वो पूरे देश ने देखी और पूरे देश में गुस्सा है। पीएम नरेंद्र मोदी ने बिहार में स्पष्ट कहा है कि आतंकवादियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने सवाल किया कि क्या राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे अपनी पार्टी को नियंत्रित नहीं कर पा रहे हैं? हर किसी को जो बोलना है, बोलने की आजादी दी गई है। उनके सभी बयानों का पाकिस्तान में दुरुपयोग किया जा रहा है। मीडिया में अभियान चल रहा है। जब देश को एक सुर में बोलना चाहिए, तब कांग्रेस के नेता पाकिस्तान के सामने देश का अपमान कर रहे हैं। आप (राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे) क्या कर रहे हैं? क्या सिद्धारमैया से कोई सवाल पूछा गया? क्या किसी को सार्वजनिक रूप से माफी मांगने के लिए कहा गया है? हम इस रवैये की निंदा करते हैं।

## हमने दो-राष्ट्र सिद्धांत को फेंक दिया... पहलगाम हमले के बाद फारूक अब्दुल्ला का पाकिस्तान को बड़ा संदेश

उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों ने 1947 में इस सिद्धांत को खारिज कर दिया था और आज भी इसे स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं। अब्दुल्ला ने कहा, "हमें अफसोस है कि हमारा पड़ोसी आज भी यह नहीं समझ पा रहा है कि उसने मानवता की हत्या की है। अगर उन्हें लगता है कि ऐसा करने से हम पाकिस्तान के साथ चले जाएंगे, तो हमें उनकी गलतफहमी दूर कर देनी चाहिए। हम 1947 में उनके साथ नहीं गए थे, तो आज क्यों जाएंगे? हमने उस समय दो राष्ट्र सिद्धांत को पानी में फेंक दिया था। आज हम भी दो राष्ट्र सिद्धांत को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं। हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, हम सब एक हैं...हम उन्हें मुंहतोड़ जवाब देंगे।

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार आतंकवाद के खिलाफ लोगों के अभियान को मजबूत करेगी क्योंकि इसे केवल जनता के सहयोग से ही हराया जा सकता है। हालांकि, अब्दुल्ला ने आगाह किया कि सरकार को ऐसा कोई कदम उठाने से बचना चाहिए जिससे जनता अलग-थलग पड़ जाए। पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करने के लिए सदन में प्रस्ताव पर चर्चा को समाप्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आतंकवाद या उग्रवाद तभी खत्म होगा जब लोग हमारे साथ होंगे। आतंकवाद के खिलाफ लोगों के आक्रोश को देखते हुए, अगर हम उचित कदम उठाते हैं तो यह इसके खात्मे की शुरूआत है।

उमर अब्दुल्ला ने कहा कि हमें ऐसा कोई कदम नहीं उठाना चाहिए जिससे लोग अलग-थलग पड़ जाएं। हम बंदूक से आतंकवादी को नियंत्रित नहीं कर सकते, लेकिन अगर लोग हमारे साथ हैं तो हम आतंकवाद को खत्म कर सकते हैं। मुझे लगता है कि अब समय आ गया है। जम्मू-कश्मीर में अभूतपूर्व और स्वतःस्फूर्त विरोध प्रदर्शनों का जिक्र करते हुए अब्दुल्ला ने कहा कि श्रीनगर की जामिया मस्जिद में पहली बार शुक्रवार की नमाज से पहले दो मिनट का मौन रखा गया। मुख्यमंत्री ने कहा, "हम इसका मतलब समझ सकते हैं। हम इस बदलाव को और मजबूत बनाने की कोशिश करेंगे।

## पानी के बाद अब दवाओं के लिए तरसने लगा पाकिस्तान

ये आँकड़े दूसरे देशों के मुकाबले काफी कम हैं, लेकिन साल 2023 के मुकाबले यह काफी ज्यादा है, क्योंकि 2023 में दोनों देशों के बीच सिर्फ. 0.53 बिलियन डॉलर का व्यापार हुआ।

3 बिलियन डॉलर तक का व्यापार

2019 में पुलवामा आतंकी हमले से पहले दोनों देशों के बीच व्यापार 3 बिलियन डॉलर तक था। भारत मुख्य रूप से पाकिस्तान को दवाइयाँ, फार्मास्युटिकल सामग्री, चीनी, चाय, कॉफी, कपास, लोहा, इस्पात, टमाटर, नमक, ऑटोमोटिव घटक और उर्वरक भेजता है। दूसरी ओर, भारत पाकिस्तान से मसाले, खजूर, बादाम, अंजीर, तुलसी और मेंहदी की जड़ी-बूटियाँ आदि आयात करता है। दोनों देशों के बीच व्यापार बंद होने के कारण, पाकिस्तान यूएई, सिंगापुर और श्रीलंका जैसे अन्य पड़ोसी देशों के माध्यम से भारतीय सामान आयात करेगा।

## 26/11 हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा को NIA ने कोर्ट में किया पेश

2009 हुआ था अमेरिका में गिरफ्तार- 26/11 मुंबई हमले में 174 लोगों की जान गई थी और 300 से अधिक लोग घायल हुए थे। इस हमले को पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा ने अंजाम दिया था। राणा पर आरोप है कि उसने इस हमले की साजिश में अहम भूमिका निभाई थी। 2011 में भारतीय अदालत ने उसे दोषी ठहराया था, लेकिन वह उस समय अमेरिका में था। 2009 में अमेरिका में उसकी गिरफ्तारी हुई थी, और तब से वह प्रत्यर्पण के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ रहा था।

कौन है तहव्वुर हुसैन राणा?

तहव्वुर हुसैन राणा एक पाकिस्तानी-कनाडाई नागरिक है, जो पहले पाकिस्तान सेना में डॉक्टर के रूप कार्यरत था। 1990 के दशक में वह कनाडा चला गया और 2001 में कनाडाई नागरिकता हासिल की। बाद में वह शिकागो में बस गया, जहां उसने कई व्यवसाय शुरू किए, जिसमें एक इमिग्रेशन कंसल्टेंसी भी शामिल थी। राणा पर लश्कर ए तैयबा के साथ संबंधों और आतंकी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है।

## पाकिस्तान से तनाव के बीच फ्रांस से 63000 करोड़ की डील

मिग-29के लड़ाकू विमानों के बेड़े को हटाने की तैयारी

बता दें कि खराब प्रदर्शन और रखरखाव संबंधी मुद्दों के कारण मिग-29के लड़ाकू विमानों के मौजूदा बेड़े को हटाने की तैयारी की जा रही है। 9 अप्रैल को समिति ने सबसे बड़े रक्षा सौदे को दी थी मंजूरी भारत ने इस महीने की शुरूआत में 9 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा पर कैबिनेट समिति की बैठक के दौरान 26 राफेल समुद्री लड़ाकू विमानों के लिए अपने सबसे बड़े रक्षा सौदे को मंजूरी दी थी। इस अनुबंध में 22 सिंगल-सीटर और चार ट्विन-सीटर जेट शामिल हैं, साथ ही बेड़े के रखरखाव, रसद सहायता, कर्मियों के प्रशिक्षण और स्वदेशी घटक निर्माण के लिए एक व्यापक पैकेज भी शामिल है।

राफेल मरीन की खासियत

एक मिनट में 18 हजार मीटर की ऊंचाई पर जा सकता है राफेल मरीन

राफेल मरीन विमान एक मिनट में 18 हजार मीटर की ऊंचाई पर जा सकता है। पाकिस्तान के पास मौजूद एफ-16 और चीन के पास मौजूद जे-20 विमानों से राफेल ज्यादा बेहतर है। ये विमान अपनी अपनी उड़ान वाली जगह से 3700 किलोमीटर दूर तक हमला कर सकता है।

इसको विमानवाहक युद्धपोत के लिए खास तैयार किया गया है। यह दुश्मनों के रडार को चकमा देने में सक्षम है। राफेल विमान हिमालय के ऊपर बेहद सर्द मौसम में भी उड़ सकता है।

इस फाइटर जेट के वजन की बात करें तो राफेल की तुलना में राफेल मरीन का वजन थोड़ा अधिक है। जानकारी के मुताबिक, इस लड़ाकू विमान का वजन लगभग 10,300 किलोग्राम है। राफेल विमान के विंग्स मुड़ नहीं सकते हैं, लेकिन राफेल मरीन के विंग्स पूरी तरह से मुड़ सकते हैं।

# एक मई से नौ रास्तों पर ई-रिक्शा का पूरी तरह प्रतिबंध, 10 मार्गों पर होगा एक तरफा संचालन

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। भीड़भाड़ वाले इलाके में ई-रिक्शा की जरूरत से ज्यादा आवाजाही से जाम की समस्या बन रही है। जाम की समस्या से निपटने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने नई व्यवस्था लागू की है। इस व्यवस्था के तहत शहर में नौ प्रमुख रास्तों पर ई-रिक्शा के संचालन पर पाबंदी लगा दी गई है। 10 मार्गों पर एकल व्यवस्था लागू रहेगी।

किसी जगह भीड़ की वजह से तो कहीं बाजार की वजह से ई रिक्शा का संचालन नहीं हो सकेगा। एक मई से यातायात पुलिस नई व्यवस्था लागू करेगी। इस संबंध में एसपी ट्रैफिक अकमल खान ने





ट्रैफिक प्लान जारी कर दिया है। साथ ही, सभी थाना प्रभारी व क्षेत्राधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में बैठक कर सभी ई-रिक्शा चालकों को जागरूक करने के निर्देश दिए गए हैं। इन रास्तों पर रहेगा प्रतिबंध

एसपी ट्रैफिक अकमल खान ने बताया कि किला क्रासिंग से कटरा मानराय तक, श्यामगंज चौराहे से साहूगोपीनाथ तक, खलील तिराहे से कुतुबखाना तक, नावल्टी से कुतुबखाना तक, साहूगोपीनाथ से कुतुबखाना तक, सिकलापुर से पटेल चौक तक, बरेली कॉलेज से नावल्टी तक, मठ की चौकी से कुतुबखाना और श्यामगंज से साहूगोपीनाथ तक ई-रिक्शा पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। इन रास्तों पर एक तरफा चलेंगे ई-रिक्शा चौपुला से नावल्टी वाया खलील तिराहा, नावल्टी से चौपुला वाया पेटल चौक, बरेली कॉलेज से नावल्टी वाया सिकलापुर, नावल्टी से सिकलापुर पटेल चौक, सिकलापुर से पटेल वाया बरेली कॉलेज पश्चिमी चौराहे से नगर निगम होते हुए, जंक्शन तिराहे से चौपुला, चौपुला से जंक्शन तिराहा वाया दामोदर पार्क कचहरी, कोहाड़ापीर से अशोक नगर तिराहा तक, अशोक नगर से सूद धर्मकांटा, सूद धर्मकांटा से कोहाड़ापीर तक एकल व्यवस्था लागू होगी।

# मदरसे से गायब हुए तीनों बच्चे हापुड़ रोड खत्ते से बरामद

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मेरठ। ग्राम पूठ के एक मदरसे में पढ़ने वाले तीनों बच्चे के गायब होने की सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस ने 24 घंटे के अंदर तीनों बच्चों को मेरठ में हापुड़ रोड़ के पास से बरामद कर लिया। बताया जा रहा है कि तीनों बच्चे अपनी मर्जी से घूमने के इरादे से निकले थे। पुलिस ने बच्चों का मेडिकल चैकअप कराने के बाद बाल समिति के सामने पेश किया है।

उल्लेखनीय है कि पूठखास के मदरसे में पढाने वाले इरफान पुत्र अमीरहसन निवासी ग्राम जोला थाना बुढाना जिला मुजफ्फरनगर द्वारा पुलिस को दी गई सूचना के मुताबिक मदरसे में पढने वाले तीन बच्चे जिनकी उम्र करीब 14 वर्ष, करीब 12 वर्ष और करीब 12 वर्ष ग्राम खिवाई थाना सरूरपुर जनपद मेरठ के बिना बताये कही चले गये है । सूचना पर क्षेत्राधिकारी सरधना के मार्गदर्शन व थानाध्यक्ष थाना रोहटा के नेतृत्व में थाना स्तर पर पुलिस टीम का गठन किया गया । पुलिस टीम द्वारा तत्काल प्रभाव से गुमशुदा तीनो बच्चो की तलाश हेतू 24 घण्टे के भीतर करीब 45 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटज चैक की गयी। जिस पर हापुड रोड खत्तो के पास थाना क्षेत्र लोहियानगर से बरामद किया गया।

# सुनील शेट्टी पहुंचे बरेली, रेडिसन होटल की जमकर की तारीफ

**एनपीटी ब्यूरो**



बरेली। बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता, फिल्म निमार्ता, सफल उद्यमी और टेलीविजन व्यक्तित्व सुनील शेट्टी का बरेली आगमन बीते दिवस हुआ। 30 से अधिक वर्षों के शानदार करियर में अनगिनत सुपरहिट फिल्मों में अपने अभिनय का लोहा मनवा चुके सुनील शेट्टी ने इस बार बरेली के सबसे प्रतिष्ठित और शानदार फाइव स्टार होटल, रेडिसन बरेली का दौरा किया। अपने प्रवास के दौरान सुनील शेट्टी ने रेडिसन होटल की मेहमाननवाजी, लग्जरी सुविधाओं और विश्वस्तरीय सेवा की दिल खोलकर सराहना की। उन्होंने कहा कि रेडिसन बरेली शहर का पहला और इकलौता फाइव स्टार होटल है, जो किसी भी बड़े महानगर के उच्च स्तरीय होटलों को टक्कर देता है। यहाँ के स्टाफ का व्यवहार, सेवाओं की गुणवत्ता, भव्य कमरों की साज-सज्जा और भोजन की बेहतरीन गुणवत्ता ने उन्हें अत्यंत प्रभावित किया।

# रामजी लाल प्रकरण से अलर्ट हुई बसपा बनाएगी नई रणनीति, सपा को भी घेरने की होगी कोशिश, आकाश को लेकर ऊहापोह



लखनऊ। रामजी लाल सुमन के प्रकरण में सपा की सक्रियता के बाद बसपा बैकफुट पर दिख रही है। अब इस मामले में बसपा नई रणनीति के साथ दिखने का प्रयास करेगी।

दलितों पर हमले और उत्पीड़न के बढ़ते मामलों को लेकर जारी सियासत ने बहुजन समाज पार्टी की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। सपा सांसद रामजी सुमन पर हुए हमले को मुद्दा बनाकर दलितों के बीच अपनी सियासी जमीन को मजबूत कर रही है, जिससे बसपा को अपना वोटबैंक खिसकने की चिंता सताने लगी है।

दरअसल, बसपा गौतमबुद्ध और डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमाओं को क्षतिग्रस्त करने, दलितों की बरात पर होने वाले हमले और उनके उत्पीड़न के खिलाफ आवाज तो उठा रही है, लेकिन उसे उम्मीद के मुताबिक समर्थन नहीं मिल रहा है। इस पर पार्टी हाईकमान ने वरिष्ठ नेताओं को अब दलितों के साथ होने वाली घटनाओं की गहनता से पड़ताल करने और उनके घरों पर जाकर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद पार्टी इस मुद्दे पर बड़ा आंदोलन शुरू करने की रणनीति तय करेगी। हालांकि, पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों का मानना है कि बसपा को सपा से ज्यादा आजाद समाज पार्टी से नुकसान हो रहा है। पार्टी में बीते दिनों मची उठापटक ने भी समर्थकों को विचलित किया है। इससे पहले बीते लोकसभा चुनाव में भी सपा के पीडीए के नारे ने दलितों को भ्रमित किया था। जानकारों की मानें तो बदली परिस्थितियों में दलित वोटबैंक असमंजस में है और नए विकल्प तलाश रहा है।

# बच्ची को रसगुल्ला देकर रेप करने वाला मामा गिरफ्तार

## पुलिस ने 96 घंटे, 150 बारातियों से की पूछताछ

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली । जिले के बिशारतगंज थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां शादी समारोह में शामिल होने आई एक आठ साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म किया गया था। घटना 24 अप्रैल की है बच्ची अपने परिवार के साथ शादी में आई थी और जैसे ही रात हुई तो मुंह बोला मामा नदकिशोर रसगुल्ला का लालच देकर उसे सुनसान जगह पर ले गया। वहां जाकर उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।

परिजनों को बच्ची जब शादी वाले घर के आसपास नहीं मिली तो उसकी तलाश की गई. इसके बाद बच्ची एक सुनसान जगह पर बेहोशी की हालत में मिली. बच्ची की हालत गंभीर थी इसलिए उसे तुरंत अस्पताल भेजा गया, जहां बच्ची के साथ दुष्कर्म का खुलासा हुआ. परिजनों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी और मामले की जांच शुरू हो गई. उसके बाद पुलिस ने 150 बारातियों से पूछताछ की और 96 घंटे में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया.150 से ज्यादा लोगों से की पूछताछ

पूछताछ में आरोपी ने पुलिस से सामने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली के निर्देशन में एक टीम का गठन किया था, जो मामले की जांच कर रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने शादी में शामिल 150 से ज्यादा लोगों से पूछताछ की और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य जुटाए, जैसे मोबाइल लोकेशन और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच की।

**आरोपी को भेजा गया जेल**

उसने बच्ची को रसगुल्ला देने का लालच दिया और फिर उसे एक सुनसान जगह पर ले जाकर दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बिशारतगंज थाने में पोक्सो एक्ट सहित कई अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया। इसी के साथ पुलिस ने आरोपी नंदकिशोर को कोर्ट में पेशा किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# 6 वी अंडर 18 चैंपियन शिप एशियन गेम में बरेली के कादिर ने सऊदी अरब में बनाया रिकार्ड

**एनपीटी ब्यूरो**





बरेली। 6वी अंडर 18 चैंपियनशिप एशियन गेम प्रतियोगिता जो की दम्माम सऊदी अरब में संपन्न हुई जिसमें 400 मीटर रिले में रिकॉर्ड बनाते हुए सिल्वर मेडल जीतने पर विद्यालय एफ आर इस्लामिया इंटर कॉलेज बरेली ने अपने छात्र कादिर खान का भाव स्वागत किया। छात्र के अभिनंदन के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया । जिसके अध्यक्ष प्रबंध समिति के अध्यक्ष नफीस अंसारी एडवोकेट रहे और प्रबंधक श्री सैयद कमल अली साहब मुख्य अतिथि रहे एवं उप प्रबंधक श्री हसीन हुसैन उपाध्यक्ष श्री सरफराज अली खान चौधरी असलम मियां कोषाध्यक्ष शहजाद अहमद खान इस मौके पर राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश राजभर ने विद्यालय के खेलकूद एवं अनुशासन पर विद्यालय की तारीफ की और पदक विजेता छात्र को बहुत ही बधाई दी और कार्यक्रम के अंत में इस्लामिया विद्यालय के प्रधानाचार्य तौकीर सिद्दीकी ने सभी का आभार व्यक्त किया तथा कार्यक्रम का संचालन बृजेश कुमार शर्मा ने किया।

# सीएचसी में रात के वक्त भी मौजूद रहेंगे डॉक्टर, न मिले तो होगी सख्त कार्रवाई

लखनऊ। यूपी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर अब रात में भी डॉक्टर हर हाल में मिलेंगे। यदि वह मौके पर न पाए गए तो उन पर विभागीय कार्रवाई होगी। प्रदेश के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की रात की सेवाएं दुरुस्त करने के लिए सख्त निर्देश दिए गए हैं। रात के वक्त डॉक्टर से लेकर अन्य स्टाफ की उपस्थिति अनिवार्य है। इसके लिए सभी मंडलीय अपर निदेशकों को जिम्मेदार बनाया गया है।

चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने दो दिन पहले सभी मंडलीय अपर निदेशकों एवं मुख्य चिकित्साधिकारियों की बैठक करके हर सामुदायिक स्वास्थ्य केद्र की स्थिति के बारे में जानकारी ली। डॉक्टर व अन्य स्टाफ की तैनाती से लेकर दवा के इंतजाम के बारे में गहन समीक्षा की।

वार्ड में भर्ती होने वाले मरीजों के बारे में भी जानकारी ली। इस दौरान बताया गया कि प्रदेश की 972 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी)में करीब नौ करोड़ मरीजों को उपचार दिया जाता है, जिसमें करीब 20 लाख मरीजों को भर्ती किया गया। प्रमुख सचिव ने निर्देश दिया कि सभी सीएचसी को रात के वक्त भी पूरी तरह से क्रियाशील रखा जाए। रात के वक्त आने वाले मरीजों को भर्ती करने से लेकर जांच तक की सुविधा दी जाए। रात के वक्त आने वाले हर मरीज को भर्ती किया जाए। सिर्फ गंभीर मरीजों को ही जिला अस्पताल अथवा अन्य उच्च अस्पतालों में रेफर किया जाए।

# अखिलेश के साथ जोड़ा आंबेडकर का चेहरा, होर्डिंग के पीछे दिख रही है सपा की रणनीति, दलित वोटों पर नजर

**एनपीटी ब्यूरो**

लखनऊ। लखनऊ के सपा मुख्यालय के बाहर लगा एक पोस्टर आज चचाओं में रहा। राजधानी में लगा यह होर्डिंग सपा के सम-सामायिक दांव-पेच समझने और समझाने के लिए काफी है।

डॉ. भीमराव आंबेडकर के साथ अखिलेश यादव का चेहरा। राजधानी में लगा यह होर्डिंग सपा के सम-सामायिक दांव-पेच समझने और समझाने के लिए काफी है। यह कि उसकी राजनीतिक चाल की दिशा क्या है। और, यह भी कि अबू आसिम आजमी के मुद्दे पर एक तरह की रणनीतिक चुप्पी साध लेने वाला सपा नेतृत्व रामजी लाल सुमन पर इतना मुखर क्यों है?

याद होगा कि महाराष्ट्र के सपा अध्यक्ष अबू आसिम आजमी के औरंगजेब को लेकर दिए गए बयान पर भाजपा ने काफी तूल दिया था। खुद सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि उसे यूपी भेजो, सबक हम सिखा देंगे। लेकिन, सपा ने पूरे प्रकरण को कोई खास तूल नहीं दिया। कुछ ही दिनों में मुद्दे की गर्माहट शांत हो गई। वजह, सपा ऐसे किसी मुद्दे की पिच पर नहीं खेलना चाहती, जिससे हिंदू-मुस्लिम के आधार पर चुनावी बंटवारा हो। पिछले कई चुनाव बताते हैं कि ऐसा होने पर यूपी में सपा के हाथ पराजय ही लगेगी। सपा के राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन ने राणा सांगा को लेकर सदन में जो कुछ बोला, उस पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आधिकारिक रूप से सिर्फ इतना ही कहा है कि अब वो बयान राज्यसभा की कार्रवाई का हिस्सा नहीं रहा। इतिहास को इतिहास ही रहने दिया जाए तो बेहतर है। वहीं, रामजी लाल सुमन का विरोध कर रही करणी सेना पर अखिलेश न सिर्फ लगातार हमलावर हैं, बल्कि उसे सीएम योगी और पुलिस महानिदेशक का समर्थन भी बता रहे हैं।

करणी सेना को लेकर यूपी के मुख्य विपक्षी दल का रुख उसकी सोची समझी रणनीति का हिस्सा है। समाजवादी सार्वजनिक रूप से भले ही यह स्वीकार न करें कि अखिलेश सरकार के जाने में आमजन के बीच पैदा हुई उस धारणा का बड़ा हाथ था कि तत्कालीन सपा सरकार खास जाति और धर्म के लोगों को तरजीह देती है। पर, हार के आत्म विश्लेषण में इसे बखूबी स्वीकार करते हैं। समाजवादियों का मानना है कि करणी सेना के रूप में वैसा ही हथियार अब सत्ता पक्ष ने भी उन्हें मुहैया करा दिया है। वे आमजन के बीच इस बात को प्रमुखता से उठा रहे हैं कि आखिर करणी सेना के लोगों को फंडिंग कहां से हो रही है। उनकी पूरी कोशिश है कि करणी सेना के बहाने वे जाति विशेष बनाम पीडीए (पिछड़े, दलित व अल्पसंख्यक) के मुद्दे को हवा दे सकें।

# धूं-धूं कर ट्रांसफार्मर...अधिवक्ताओं में मची अफरा-तफरी

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

बरेली। जनपद न्यायालय के पास सोमवार दोपहर ट्रांसफार्मर धूं-धूं कर जल उठा। जिसके बाद आसपास अफरा-तफरी का माहौल हो गया। आनन-फानन में फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची और आग पर काबू पाया। इधर भटनागर कॉलोनी में बिजली आपूर्ति कई घंटे के लिए बाधित हो गई।

पूरी घटना सोमवार दोपहर करीब 1:30 की बताई जा रही है। जनपद न्यायालय के पास भटनागर कॉलोनी के सामने लगा ट्रांसफार्मर अचानक जल उठा। ट्रांसफार्मर से आग की लपटे देख अधिवक्ता भी



घबरा गए। चहल-पहल वाला इलाका होने की वजह से कचहरी पर खलबली मच गई। अधिवक्ताओं ने पूरे मामले की जानकारी फायर ब्रिगेड को दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया।

भटनागर कॉलोनी की आपूर्ति बाधित-इधर ट्रांसफार्मर में आग के बाद भटनागर कॉलोनी की आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गए। बिजली विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची थी। बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस ट्रांसफार्मर से केवल भटनागर कॉलोनी को ही आपूर्ति दी जाती है। विभाग की टीम जल्द ही आपूर्ति सुचारू करने का प्रयास कर रही थी।

# पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध श्री हरि मंदिर बरेली में कैंडल मार्च निकला

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। श्रीहरि मंदिर मॉडल टाउन बरेली में हिंदुओं पर पहलगाम में हुए आतंकी हमले की घोर निंदा की गई। सचिव रवि छाबड़ा ने इस निर्मम और नरसंहार आतंकी हमले की घोर निंदा की जिसमें 26 लोगों की जाने जली गई और काफी लोग घायल भी हो गए , उने भावपूर्ण श्रंद्धाजलि दी गई।

मंदिर प्रांगण में श्री ठाकुर जी की आरती से पूर्व दो मिनट का मौन रख कर दिवंगत आत्माओं की सद्गति की




प्रार्थना की गई उसके पश्चात एक विशाल रैली के रूप में मंदिर सचिव रवि छाबड़ा जी के नेतृत्व में मोमबती जला कर कैंडल मार्च निकला गया। मुख्य रूप से इसमें रवि छाबड़ा,सुशील अरोरा,अश्वनी ओबेरॉय, संजय आनन्द,गोविंद तनेजा, रंजन कुमार, योगेश ग्रोवर, वा अन्य मेंबर्स और महिलाओं में बहुत ही रोष था। महिला मण्डल अध्यक्ष रेनू छाबड़ा,नीलम साहनी,कंचन अरोड़ा,नीलम लुनियाल,नेहा आनंद,विमल सोंधी,सीमा तनेजा वा अन्य मेंबर्स आदि उपस्थित थे। सभी ने घायलों के जल्दी स्वस्थ होने की प्रार्थना भी की।

# संपादकीय

## पश्चिम के दबाव में आतंक को सींचा

पाक पोषित आतंकवादियों द्वारा अंजाम दिए गए पहलगाम के खौफनाक आतंकी हमले ने पूरी दुनिया के सामने पाकिस्तान को बेनकाब कर दिया है। भारत तथा अंतर्राष्ट्रीय दबाव के आगे लाचार हुए पाकिस्तान के सत्ताधीशों ने स्वीकार किया कि वे पिछले तीस साल से आतंक की फसल सींच रहे थे। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया कि पिछले तीस साल से पाक आतंकवादी तैयार करने का काम कर रहा था। साथ ही उन्होंने यह भी सफाई दी कि पाकिस्तान ने ये गंदा काम अमेरिका व ब्रिटेन जैसे देशों के कहने पर किया। सवाल यह है कि क्यों पाक ने एक संप्रभु राष्ट्र के रूप में अपने नैतिक दायित्व का पालन नहीं किया? यह तथ्य किसी से छिपा नहीं कि पाकिस्तान ये काली करतूतें डॉलर की भूख मिटाने के लिये कर रहा था। साथ ही वह दुनिया के इस्लामी देशों का नेतृत्व हासिल करने के लिये इस कट्टरपंथ की फसल सींच रहा था। उसने पूरी दुनिया को दहलाने के लिये अपने आतंकी निर्यात किए। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ की यह स्वीकारोक्ति भारत द्वारा लंबे समय से लगाये जा रहे उन आरोपों की पुष्टि ही है, जिसमें पाक को आतंक की पाठशाला बताया गया था। भारत ने पूरी दुनिया को मुंबई के भीषण हमले, संसद पर हुए हमले तथा पुलवामा से लेकर उड़ी तक की आतंकवादी घटनाओं में पाक की संलिप्तता के सबूत बार-बार दिए, लेकिन अमेरिका व उसके सहयोगी देशों ने इसे अनदेखा ही किया।


निश्चित रूप से एक राष्ट्र के रूप में पाकिस्तान की विफलता जग-जाहिर हो गई है। पुलवामा हमले के बाद भारतीय कार्रवाई के जवाब में परमाणु बम से हमले की धमकी, सिंधु नदी को रक्त से भरने तथा कश्मीर मुद्दे के अंतर्राष्ट्रीयकरण जैसे अनाप-शनाप बयानों से स्पष्ट है कि वैश्विक व्यवस्था के प्रति पाक की क्या सोच है। इससे भी शर्मनाक घटना ब्रिटेन में सामने आई, जहां पाक उच्चायोग के सामने प्रदर्शन करने वाले भारतीयों को एक पाकिस्तान राजनयिक गला काटने का इशारा करता सूचना माध्यमों में नजर आया। उक्त राजनयिक पाकिस्तानी उच्चायोग में रक्षा सलाहकार के रूप में तैनात है। निश्चय ही यह राजनयिक स्तर पर एक शर्मनाक घटना है। साथ ही बताती है कि कैसे पाक सेना के उच्चाधिकारी एक जिहादी संगठन के सदस्य जैसा व्यवहार कर रहे हैं। इससे पाकिस्तानियों में भारतीयों के प्रति भरी घृणा ही उजागर होती है। भारत को इन तमाम मामलों को वैश्विक मंच पर उठाकर पाक पर कार्रवाई के लिये दबाव बनाना चाहिए। दुनिया को बताना चाहिए कि पुलवामा हमले से पहले कैसे पाकिस्तानी सेना के प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने कट्टरपंथियों जैसा भड़काऊ बयान दिया था। जिसके कुछ समय बाद ही पहलगाम जैसा भयानक आतंकी हमला सामने आया। बहरहाल, पाक आज पूरी दुनिया के सामने बेनकाब हुआ है। भारत को दुनिया को बताना चाहिए कि किस तरह पाकिस्तान दुनिया की शांति के लिये खतरा बना हुआ है। जिसको सख्त आर्थिक प्रतिबंधों के जरिये आतंक से दूरी बनाने के लिये बाध्य किया जाना चाहिए। निश्चय ही अब पाक को सबक सिखाने का वक्त आ गया है।

# पाक के खिलाफ कूटनीतिक एवं रणनीतिक दबाव जरूरी

**दुनिया पाकिस्तान के बदसूरत चेहरे को देख चुकी है, फिर भी दुनिया को बताना चाहिए कि पुलवामा हमले से पहले कैसे पाकिस्तानी सेना के प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने कट्टरपंथियों जैसा भड़काऊ बयान दिया था। जिसके कुछ समय बाद ही पहलगाम जैसा भयानक आतंकी हमला सामने आया। भारत को दुनिया को बताना चाहिए कि किस तरह पाकिस्तान दुनिया की शांति, अमन एवं उन्नत संसार-निर्माण के लिये खतरा बना हुआ है। जिसको सख्त आर्थिक प्रतिबंधों के जरिये आतंक से दूरी बनाने के लिये बाध्य किया जाना चाहिए। निश्चय ही अब पाक को सबक सिखाने का वक्त आ गया है। आतंकवाद के मसले पर पाकिस्तान सुधर नहीं सकता, अतीत में भारत से तीन युद्ध हारने के बावजूद उसने कुछ सबक नहीं लिया।**

पाकिस्तान की पहचान एक ऐसे देश के रूप में है जो कमजोर है, असफल है, कर्ज में डूबा है, अपने नागरिकों के हितों की रक्षा करने में नाकाम है, आतंक की नर्सरी एवं प्रयोगशाला है, ढहती अर्थव्यवस्था है, इन बड़ी नाकामियों को ढ़कने के लिये ही वह कश्मीर का राग अलापता रहा है, वहां के नेता एवं सैन्य अधिकारी तमाम जर्जरताओं एवं निराशाओं के बावजूद आज भी हिन्दू और भारत विरोध को ढ़ाल बनाकर ही अपनी सत्ता मजबूत करते रहे हैं। लेकिन अब उसका चेहरा इतना बदनुमा बन गया है कि उसने धर्म के नाम पर निर्दोष एवं बेगुनाह लोगों का खून बहाना शुरू कर दिया है। भारत ही नहीं, दुनिया में आतंक को फैलाने में अपनी जमीन, संसाधन एवं ताकत का प्रयोग खुलेआम करना शुरू कर दिया है, यह उसकी बौखलाहट ही है, यह उसकी निराशा ही है, यह उसकी विकृत सोच ही है। इस घिनौनी सोच का पदार्पाश पहलगाम के खौफनाक आतंकी हमले के रूप में पूरी दुनिया के सामने हुआ है। विडम्बना तो यह है कि भारत तथा अंतर्राष्ट्रीय दबाव के आगे लाचार हुए पाकिस्तान के सत्ताधीशों ने स्वीकार किया कि वे पिछले तीस साल से आतंक की फसल सींच रहे थे। भारत ने पूरी दुनिया को मुंबई के भीषण हमले, संसद पर हुए हमले तथा पुलवामा से लेकर उड़ी तक की आतंकवादी घटनाओं में पाक की संलिप्तता के मजबूत सबूत बार-बार दिए, लेकिन अमेरिका व उसके सहयोगी देशों एवं चीन ने इसे अनदेखा ही किया। लेकिन इस बार की पहलगाम घटना ने इन देशों के साथ पूरी दुनिया को झकझोर दिया है और पाकिस्तान के प्रति उनकी सोच बदली है।

निश्चित रूप से एक राष्ट्र के रूप में पाकिस्तान की विफलता जग-जाहिर हो गई है, लेकिन उसके आतंकवादी होने के पुख्ता प्रमाणों ने दुनिया को एकजुट कर दिया है, यही कारण है कि दुनिया से वह अलग-थलग अकेला खड़ा है।



पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया कि पिछले तीस साल से पाक आतंकवादी तैयार करने का काम कर रहा था। साथ ही उन्होंने यह भी सफाई दी कि पाकिस्तान ने ये गंदा काम अमेरिका व ब्रिटेन जैसे देशों के कहने पर किया। सवाल यह है कि क्यों पाक ने एक संप्रभु राष्ट्र के रूप में अपने नैतिक दायित्व का पालन नहीं किया? क्यों उसने किन्हीं दूसरे देशों के कहने पर अपनी जमीन को आतंक की उर्वरा भूमि बनने दिया? क्यों उसने इस्लाम को आधार बनाकर कट्टरपंथ की फसल सींची? पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ की यह स्वीकारोक्ति भारत द्वारा लंबे समय से लगाये जा रहे उन आरोपों की पुष्टि ही है, जिसमें पाक को आतंक की पाठशाला बताया गया था। सोचने वाली बात तो यह भी है कि उसने इस्लाम एवं मुसलमान समुदाय को भी अपने गलत एवं गंदे मनसूंबों के लिये इस्तेमाल किया। यह कारण है कि अपने धर्म को धुंधलाने एवं बेजा इस्तेमाल का फल उसे तमाम असफलताओं एवं पराजयों के रूप में मिला है, अन्यथा इस्लाम का पवित्र उपयोग करने वाले देश तो दिनोंदिन आगे बढ़ रहे हैं, समृद्ध हो रहे हैं, अपने लोगों को उन्नत जीवन प्रदत्त कर रहे हैं, दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाकर खड़े है।

दुनिया पाकिस्तान के बदसूरत चेहरे को देख चुकी है, फिर भी दुनिया को बताना चाहिए कि पुलवामा हमले से पहले कैसे पाकिस्तानी सेना के प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने कट्टरपंथियों जैसा भड़काऊ बयान दिया था। जिसके कुछ समय बाद ही पहलगाम जैसा भयानक आतंकी हमला सामने आया। भारत को दुनिया को बताना चाहिए कि किस तरह पाकिस्तान दुनिया की शांति, अमन एवं उन्नत संसार-निर्माण के लिये खतरा बना हुआ है। जिसको सख्त आर्थिक प्रतिबंधों के जरिये आतंक से दूरी बनाने के लिये बाध्य किया जाना चाहिए। निश्चय ही अब पाक को सबक सिखाने का वक्त आ गया है। आतंकवाद के मसले पर पाकिस्तान सुधर नहीं सकता, अतीत में भारत से तीन युद्ध हारने के बावजूद उसने कुछ सबक नहीं लिया। भारत को नुकसान पहचाने की नीति पर वह आज भी कायम है। भारत की अलग-अलग समय की सरकारों ने अनेक कोशिशें पाकिस्तान से संबंध सुधारने की है, लेकिन पाकिस्तान सुधरा नहीं। भारत के संबंध सुधार, शांति एवं पडोसी देश-धर्म के प्रयासों का जबाव उसने हमेशा आतंकवादी घटनाओं के रूप में ही दिया। भारत के इन सकारात्मक प्रयासों के बदले कभी कारगिल मिला, कभी पठानकोट, कभी उरी तो कभी मुंबई। लेकिन इस बार के पहलगाम के नृशंस आतंकी हमले के बाद हर भारतीय, यहां तक हर कश्मीरी की जुबान पर एक ही सवाल है कि इस पाकिस्तान का इलाज क्या है? लेकिन इस बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कुछ बड़ा और आरपार का करने के मुड़ में है। अब तक प्रधानमंत्रियों में वे सर्वाधिक शक्तिसम्पन्न एवं हौसल्ले वाले महानायक है।

पाकिस्तान इस समय बहुआयामी संकट का सामना कर रहा है, आंतरिक असंतोष, आर्थिक पतन एवं घटती अन्तर्राष्ट्रीय प्रासंगिकता के चलते वह बौखलाहट का शिकार है। इसी का परिणाम है कि वह भारतीय कार्रवाई के जवाब में परमाणु बम से हमले की धमकी, सिंधु नदी को रक्त से भरने तथा कश्मीर मुद्दे के अंतर्राष्ट्रीयकरण जैसे अनाप-शनाप बयानों से वह अपने ही पांव पर कुल्हाडी चलाता हुआ दिख रहा है। चीन पर उसका भरोसा भी उसे निराश ही करेगा। पाकिस्तान में जब चीनी नागरिकों को निशाना बनाया जाता है, तब चीन को उसमें आतंकवाद नजर आता है, लेकिन मौका मिलने पर वह मसूद अजहर जैसे आतंकियों को बचाने से गुरेज नहीं करता। ऐसा नहीं है कि चीन मुस्लिमों का रहनुमा है। दुर्भाग्य से, बात जब भारत की आती है, तो आतंकवाद को लेकर पेइचिंग का नजरिया भी बदल जाता है। लेकिन इस बार चीन के सामने भारत का लुभावना बाजार है, इसके चलते वह पाकिस्तान का खुला समर्थन करेगा, इसमें शंका है।

पाकिस्तान का एकमात्र बड़ा सहारा चीन भी उससे दूरी बना ले तो कोई आश्चर्य नहीं है। पाकिस्तान को वह हमेशा भारत को परेशान करने के टूल के रूप में इस्तेमाल करता आया है। पहलगाम की तटस्थ जांच के लिए पाकिस्तान का प्रस्ताव बताता है कि वह कमजोर और अलग-थलग पड़ रहा है। भारत के पक्ष को दुनिया बेहतर ढंग से समझ रही है। यही बात चीन को भी समझानी होगी। मोदी सरकार के लिए यह दिखाना जरूरी हो गया है कि वो इस मामले को लेकर वाकई गंभीर है। जैसे-जैसे पर्यटकों के शव उनके परिवारों तक पहुंच रहे हैं और उनके अंतिम संस्कार के भावुक एवं मार्मिक दृश्य प्रसारित हो रहे हैं- सरकार पर दबाव बढ़ता जा रहा है। लोगों का गुस्सा खासतौर पर इस तथ्य से और बढ़ गया है कि आतंकवादियों ने पहले पुरुषों का धर्म जानना चाहा और उन्हें उनके परिवार के सामने गोली मार दी।

पहलगाम घटना ने कश्मीर की रोजी-रोटी पर आंच पहुंचायी है, वहां की शांति को लीला है। यही कारण है कि पहलगाम हत्याकांड के खिलाफ जम्मू-कश्मीर के आम लोगों ने बड़ी संख्या में विरोध-प्रदर्शन किया है। राज्य में बंद रहा, लोगों ने विरोध मार्च निकाले और यहां तक कि कश्मीर के प्रमुख समाचार पत्रों ने विरोध के तौर पर अपने मुखपृष्ठ को स्याह रंग से पोत दिया। आज सरकार, विपक्ष और नागरिकों के सामने एक बड़ी चुनौती है कि वे ऐसा कुछ न करें, जिससे सांप्रदायिक संघर्ष फैले। क्योंकि तब हम केवल उस एजेंडे को आगे बढ़ा रहे होंगे, जो आतंकवादियों का मकसद है- भारत को विभाजित करना। भारत की एकता, कश्मीर की शांति एवं विकास एवं आतंकवाद की कमर तोड़ने के लिये अब पाकिस्तान को केवल सैन्य कार्रवाई से नहीं, बल्कि आर्थिक, राजनयिक एवं वैश्विक दबाव से पंगु बनाना होगा। पाकिस्तान के लिये स्थिर पड़ोसी का विचार छोड़कर रणनीतिक विखंडन के जरिये क्षेत्रीय परिदृश्य को नया आकार देना समय की जरूरत है। सिंध एवं बलुचिस्तान अपने स्तर पर प्रयास कर रहे हैं, आजाद कश्मीर को भारत में मिलाने की जरूरत है। इस रणनीतिक एवं कूटनीतिज्ञ उद्देश्य के लिये एक दूरगामी, बहुआयामी एवं निर्णायक दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जिसकी पहल लक्षित सर्जिकल स्ट्राइक और प्रमुख आतंकी सरगनाओं को मिटाकर आतंकी केन्द्रों को ध्वस्त करके ही हो सकती है।

## पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री द्वारा थाना नवानगर का किया गया वार्षिक निरीक्षण

एनपीटी ब्यूरो



पुलिस अधीक्षक सिंगरौली मनीष खत्री द्वारा थाना नवानगर का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निरीक्षण थाना मालखाना, शस्त्रगार, रिकार्ड रूम, हवालात आदि चेक किया गया, निरीक्षण के दौरान थाना में संधारित होने वाले रजिस्टरों को चेक किया गया एवं आवश्यक निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान मनीष खत्री ने पुलिस स्टाफ को लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण, जनता से सौहार्दपूर्ण व्यवहार रखने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने थाना में आने वाले आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान पर भी विशेष बल दिया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारी एवं समस्त स्टाफ को अपने कर्तव्यों के प्रति सजग एवं संवेदनशील रहते हुए बेहतर पुलिसिंग के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही उन्होंने आगामी समय में कानून व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण के लिए सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान नगर पुलिस अधीक्षक पी एस परस्ते थाना प्रभारी नवानगर ज्ञानेंद्र सिंह एवं सहित अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

## बालाघाट में दुष्कर्म पीड़ितों के परिवार से मिले रामू टेकाम

नेशनल प्रेस टाइम्स बैतूल

बैतूल। बालाघाट जिले के हट्टा थाना क्षेत्र में बीते 23 अप्रैल 2025 की रात आदिवासी लड़कियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना की जानकारी सामने आते ही आदिवासी कांग्रेस विभाग के प्रदेश अध्यक्ष रामू टेकाम ने तुरंत राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ विक्रांत भूरिया और मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी से चर्चा की। इसके बाद रामू टेकाम 26 अप्रैल को बालाघाट पहुंचे। यहां उन्होंने पीड़ितों के परिजनों से मुलाकात कर पूरी घटना की जानकारी ली। रामू टेकाम ने पीड़ित परिवारों को हर हाल में न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। उन्होंने बालाघाट के पुलिस अधीक्षक से भी मुलाकात कर पीड़ित परिवारों को तत्काल पुलिस सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की। साथ ही आरोपियों को जल्द से जल्द फांसी की सजा दिलाने की बात भी कही। इस दौरान बालाघाट जिला कांग्रेस अध्यक्ष संजय उइके, बैहर विधायक धरम सिंह मरकाम, आदिवासी कांग्रेस बालाघाट के जिला अध्यक्ष दिनेश धुर्वे, आदिवासी विकास परिषद बालाघाट के जिला अध्यक्ष विजय उइके, आदिवासी कांग्रेस सिवनी के जिला अध्यक्ष शुभम उइके, इनवाति विधानसभा से अमरवाड़ा के प्रत्याशी धीरन शाह और पंकज तुमडाम भी मौजूद रहे।

## सर्वधर्म प्रार्थना सभा में उमड़ा जनसैलाब पहलगाम हमले के दिवंगत भारतवासियों को दी गई श्रद्धांजलि



नेशनल प्रेस टाइम्स बैतूल

बैतूल। पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में दिवंगत हुए भारतवासियों की आत्मा की शांति के लिए सोमवार 28 अप्रैल को सुबह 8 बजे सक्षम संस्था की ओर से शिवाजी ओपन ऑडिटोरियम में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस अनौपचारिक लेकिन भावनात्मक कार्यक्रम में हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध और जैन धर्म समेत सभी समुदायों के लोग बड़ी संख्या में एकत्रित हुए। सभी ने मिलकर अपने-अपने धर्म के अनुसार 5-5 मिनट का शांति पाठ किया और अंत में 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी।

सभा में विभिन्न सामाजिक संगठनों, खेल संस्थाओं, स्कूलों के छात्र-छात्राओं समेत बड़ी संख्या में आमजन शामिल हुए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्र के प्रति एकता, आपसी सद्भाव और जाति-धर्म से ऊपर उठकर देशभक्ति का भाव जागृत करना रहा। सभा का समापन 8:30 बजे एकजुट होकर राष्ट्र प्रेम और सम्मान व्यक्त करते हुए किया गया।

सक्षम संस्था के जिला अध्यक्ष सुनील हिरानी ने बताया कि सक्षम दिव्यांग जनों के हित में कार्य करने वाली राष्ट्रीय संस्था है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी से सांप्रदायिक एकता और सद्भावना की मिसाल प्रस्तुत हुई है। कार्यक्रम में विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधि अपने-अपने धार्मिक रीति से शांति पाठ करते नजर आए। ब्रह्मकुमारी आश्रम प्रमुख बीके मंजू दीदी ने ब्रह्मकुमारी पद्धति से शांति पाठ किया। डॉ कैलाश वर्मा ने गायत्री परिवार की ओर से मंत्रोच्चारण किया। प्रो. अलका पांडे ने आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से ध्यान साधना कराई। मौलाना नूर मोहम्मद ने मुस्लिम समाज की ओर से दुआ पढ़ी। एसके होजेफा ने दाऊदी बोहरा समाज की ओर से प्रार्थना की। बौद्ध धर्म से धनराज चंदेलकर ने बुद्ध वचनों का पाठ किया। गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा बैतूल के अरविंदर सिंह हजूरी रागी ने गुरुवाणी का पाठ किया। ईसाई समाज से पास्टर पंकज एंड्रयू ने बाइबिल से शांति संदेश दिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान माहौल पूरी तरह भावनात्मक और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत रहा। सक्षम संस्था का यह प्रयास बैतूल में आपसी प्रेम और भाईचारे की अद्भुत मिसाल बना।

## सीएम हेल्पलाइन में उत्कृष्ट कार्य हेतु पुलिस अधिकारियों का सम्मान



एनपीटी ब्यूरो

सीएम हेल्पलाइन में माह मार्च 2025 के दौरान गृह (पुलिस) विभाग के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिस अधिकारियों का सम्मान कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित टी.एल. बैठक के उपरांत किया गया।

सम्मान समारोह में कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला,जिला सिंगरौली एवं पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री, जिला सिंगरौली द्वारा अधिकारियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने उत्कृष्ट कार्य के लिए सराहना व्यक्त करते हुए कहा कि इससे अन्य अधिकारियों को भी प्रेरणा मिलेगी तथा आमजन की समस्याओं के शीघ्र समाधान में और अधिक गति आएगी।

सम्मानित अधिकारियों में निरीक्षक उमेश प्रताप सिंह, विद्यावारिधी तिवारी, उप निरीक्षक पुष्पेन्द्र धुर्वे, प्रियंका शर्मा, सुधाकर सिंह परिहार, भीपेन्द्र पाठक, प्रियंका सिंह बघेल, बालेन्द्र त्यागी तथा मनोज सिंह। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों को भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य करते रहने के लिए शुभकामनाएँ दीं।

# नगर निगम बोर्ड की बैठक के दौरान

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

मुरादाबाद नगर निगम बोर्ड की बैठक टाउन हॉल सभागार में एक और चल रही है तो दूसरी तरफ गेट के बाहर निगम कर्मचारी मुरादाबाद नगर निगम के मेयर और नगर आयुक्त के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं । इन कर्मचारियों की मांगे है, कि उनके ऊपर जबरिया दबाव बनाकर काम लिया जा रहा है और भुगतान भी समय से नहीं किया जा रहा है। जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कर्मचारियों के हित में बहुत सारी घोषणाएं की है। इन कर्मचारियों ने यह भी कहा प्रयागराज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सफाई कर्मचारियों को देवदूत मानते हुए उनके पैर तक धोए हैं। बावजूद



इसके मुरादाबाद नगर निगम के मेयर और नगर आयुक्त उनकी मांगों को सुन नहीं रहे हैं। उनकी मांग है की ठेका सिस्टम खत्म किया जाए। सुपरवाइजर की व्यवस्था खत्म की जाए और मुख्यमंत्री ने जो भी घोषणाएं की है। वह सारी घोषणाओं को मुरादाबाद नगर निगम के सफाई कर्मचारी सहित अन्य कर्मचारियों के लिए लागू किया जाए।

**पुलिस फोर्स ने कर्मचारियों को अंदर जाने नहीं दिया**

कर्मचारियों की नाराजगी की आहट पाकर नगर निगम ने पहले ही पुलिस फोर्स की तैनाती करवा दी थी जिससे जो निगम की कार्यप्रणाली का विरोध करने वाले कर्मचारी हैं। वह नगर निगम के गेट के अंदर ना जा सके। पुलिस ने बलपूर्वक विरोध प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को गेट के अंदर जाने नहीं दिया और मजबूरन उन कर्मचारियों ने वहीं गेट के बाहर ही दरी डालकर नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी।

**बोर्ड की बैठक भी गोपनीय**

नगर निगम बहुत गोपनीय तरीके से बैठक कर रहा है जिससे उसके कारनामों और बैठक के हंगामे की खबर किसी को ना मिल सके। मगर देखना यह होगा नगर निगम की यह गोपनीयता कितनी देर तक बरकरार रहती है

# राणा शुगर मिल ने 9 करोड़ 94 लाख रुपए का और किया भुगतान

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद। तहसील शाहबाद क्षेत्र के करीमगंज राणा शुगर मिल के प्रभारी जी एम अनुज आर्या ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार को पेराई सत्र 2024=25 का 31 जनवरी तक का भुगतान किसानों के खातों में भेज दिया गया।

आगे जानकारी देते हुए बताया कि पेराई सत्र 2024 =25 का 31 जनवरी तक का 9 करोड़ 94 लाख रुपए किसानों के खाते में भेज दिया गए है।उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक रकबे में गन्ना बोए,जैसे ही गन्ने का सर्वे शुरू हो सुपरवाइजर से संपर्क करके सर्वे कर ले।साथ ही समय-समय पर राणा शुगर मिल एवं गन्ना विकास विभाग की ओर से कार्यशालाएं आयोजित की जा रही है जिसमें गन्ने की फसल का उत्पादन कैसे बढ़ाया जाए तथा गन्ने की उन्नतशील प्रजातियो से किसान अपनी आर्थिक स्थिति कैसे मजबूत करें इन सब बातों का लाभ राणा शुगर मिल के कर्मचारियों से संपर्क करके उठाएं।

# संभल (यू पी) सिविल बार एसोसिएशन तहसील गुन्नौर द्वारा किया गया नवागत माननीय सिविल जज / न्यायिक मजिस्ट्रेट का स्वागत समारोह



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

संभल/ गुन्नौर आज सिविल बार एसोसिएशन तहसील गुन्नौर द्वारा तहसील सभागार गन्नौर में नवागत माननीय सिविल जज / न्यायिक मजिस्ट्रेट डॉक्टर नाजिम अकबर का स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सिविल बार एसोसिएशन गुन्नौर के अधिवक्ताओं ने प्रतीक चिन्ह एवं फूल मालाओं से स्वागत किया माननीय सिविल जज ने अधिवक्ताओं को बताया कि बार और बेंच एक गाड़ी के दो पहिए हैं बार के बिना बेंच अधूरी है और बेंच के बिना बार अधूरी है और जो बाद लंबित है उनका निस्तारण किया जाएगा। इस अवसर पर जितेंद्र सिंह यादव एडवोकेट अध्यक्ष सिविल बार एसोसिएशन गुन्नौर मोहित यादव एडवोकेट महासचिव सिविल बार एसोसिएशन गुन्नौर और प्रदीप कुमार वाष्णेय अरविंद कुमार सिंह एडवोकेट अजय पाल गुप्ता एडवोकेट अवधेश कुमार एडवोकेट हेमंत दीक्षित एडवोकेट नरेश पाल एडवोकेट विद्वान सिंह एडवोकेट अजय कुमार रूप किशोर एडवोकेट धर्मेश कुमार एडवोकेट भगवान सिंह एडवोकेट रागिव उल्ला एडवोकेट विजय सागर एडवोकेट राज सक्सेना एडवोकेट गीतम सिंह अभिषेक कुमार एडवोकेट चंद्रपाल सिंह एडवोकेट कुलदीप सक्सेना एडवोकेट विजय सागर एडवोकेट आदि अधिवक्ता गण मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर इलाज के दौरान बाइक सवार की मौत



उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद। पटवाई थाना क्षेत्र के निस्वी गांव निवासी नजाकत(40) सोमवार सुबह किसी जरूरी काम से बाइक पर सवार होकर रामपुर जा रहे थे, जैसे ही वह शाहबाद - रामपुर रोड पर पटवाई के पास पहुंचे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार बुरी तरह जख्मी हो गए। घायल को आनन फानन में उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। उधर जानकारी मिलते ही परिजन जिला अस्पताल पहुंच गए। इलाज के दौरान घायल बाइक सवार ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मृतक का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक नजाकत अपने पीछे चार बच्चे छोड़ गए जिनमें तीन लड़कियां और एक लड़का है।

# रामजी लाल प्रकरण से अलर्ट हुई बसपा बनाएगी नई रणनीति, सपा को भी घेरने की होगी कोशिश; आकाश को लेकर ऊहापोह

लखनऊ। रामजी लाल सुमन के प्रकरण में सपा की सक्रियता के बाद बसपा बैकफुट पर दिख रही है। अब इस मामले में बसपा नई रणनीति के साथ दिखने का प्रयास करेगी। दलितों पर हमले और उत्पीड़न के बढ़ते मामलों को लेकर जारी सियासत ने बहुजन समाज पार्टी की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। सपा सांसद रामजी सुमन पर हुए हमले को मुद्दा बनाकर दलितों के बीच अपनी सियासी जमीन को मजबूत कर रही है, जिससे बसपा को अपना वोटबैंक खिसकने की चिंता सताने लगी है। दरअसल, बसपा गौतमबुद्ध और डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमाओं को क्षतिग्रस्त करने, दलितों की बरात पर होने वाले हमले और उनके उत्पीड़न के खिलाफ आवाज तो उठा रही है, लेकिन उसे उम्मीद के मुताबिक समर्थन नहीं मिल रहा है। इस पर पार्टी हाईकमान ने वरिष्ठ नेताओं को अब दलितों के साथ होने वाली घटनाओं की गहनता से पड़ताल करने और उनके घरों पर जाकर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

# पहलगाम आतंकी हमले पर आक्रोश, वृंदावन की सड़कों पर बनी मानव श्रृंखला



मथुरा। वृंदावन में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के आह्वान पर 28 अप्रैल सोमवार को प्रातः आठ बजे वृंदावन की सड़कों पर जनसैलाब उमड़ा। इस्कॉन मंदिर रमणरेती से लेकर प्रेम मंदिर तक मानव श्रृंखला बनाई गई। मानव श्रृंखला में प्रमुख संत महात्मा धार्मिक,सामाजिक, महिला संगठन हिंदूवादी संगठन, युवा, छात्र छात्राएं सिटीजन नागरिक और विदेशी भक्त बड़ी संख्या में शामिल हुए। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि की मुक्ति के लिए जन समर्थन जुटाने के साथ कश्मीर के पहलगाम हत्याकांड और बंगाल हिंसा के खिलाफ न्यास ने पूर्व में वृंदावन में श्रृंखला बनाने का आह्वान किया था। उन्होंने कहा, आज हिंदू खतरे में है। जनसंपर्क में धार्मिक, सामाजिक, हिंदूवादी संगठन, युवा संगठन, छात्र, छात्राएं, सिटीजन, विदेशी भक्त, अधिवक्ता, चिकित्सक और विभिन्न हिंदू महिला संगठन समेत आम आदमी ने मानव श्रृंखला को लेकर के खास उत्साह दिखाया है। वही जनसैलाब वृंदावन की सड़कों पर सुबह देश दुनिया को दिखाई दिया।

# हाईकोर्ट ने डीएम और एसडीएम छाता से मांगा निजी हलफनामा



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

मथुरा। सरकारी जमीनों पर कब्जों को लेकर दायर होने वाली जन हित याचिकाओं पर हाईकोर्ट गंभीर है। छाता तहसील क्षेत्र में चक मार्ग पर कब्जा होने की याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने डीएम और एसडीएम छाता को सामान्य हलफनामा के बजाए अपना-अपना निजी हलफनामा दायर करने के आदेश दिए हैं। कोसीकलां निवासी भारत ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है। इसमें बताया था कि तहसील छाता के कोसीकलां स्थित खसरा संख्या 290 और 292 पर अवैध कब्जा किया गया है। इसमें डीएम और एसडीएम छाता के अलावा कब्जा करने वाले अन्य लोगों को भी प्रतिवादी बनाया गया है। मामले में सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने दो सप्ताह में प्रतिवादियों से हलफनामे मांगे हैं। इसके अलावा डीएम और एसडीएम छाता से निजी हलफनामे दायर करने को कहा है। इसमें बताना होगा कि संबंधित भूमि चकमार्ग के रूप में दर्ज है या नहीं। अगर चकमार्ग है तो क्या किसी प्रकार का अतिक्रमण किया गया है और उसे हटाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। मामले की सुनवाई के लिए 9 मई की तारीख तय की गई है। हाईकोर्ट ने दो दिन में सीजेएम मथुरा के माध्यम से डीएम और एसडीएम छाता को आदेश उपलब्ध कराने के लिए कहा है।

# मथुरा। मकान में हुआ धमाका, मालिक ने पुलिस को दी बम फेंकने की सूचना

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



मथुरा। जमुनापार थाना क्षेत्र स्थित गांव डेहरूआ में एक मकान में विस्फोट हो गया। मकान मालिक ने पुलिस को सूचना दी कि उसके घर पर किसी ने बम फेंका है। जानकारी मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर दौड़ लिए। जांच में पता चला कि घर में रखी गंधक-पोटाश की पोटली फटने से धमाका हुआ। धमाके में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। एसपी सिटी डॉ. अरविंद कुमार ने बताया कि शनिवार की रात को रविंद्र कुमार ने पुलिस को जानकारी दी कि उनके घर पर किसी ने बम फेंका है। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक अजय किशोर मौके पर पहुंच गए। साथ ही बम निरोधक दस्ता (बीडीएस), डॉग स्क्वाड, फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंच गई। इससे पहले मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। रात को तेज धमाके होने से आसपास के लोग भी भयभीत हो गए। घर के अंदर बारूद का कोई सबूत नहीं मिला। कड़ाई से पूछताछ करने पर गृह स्वामी ने बताया कि स्टोर में गंधक पोटाश रखा था। धमाके के बाद पुलिस उसके खिलाफ कोई कार्रवाई न करें इसलिए बम फेंकने की जानकारी दी। सीओ सदर संदीप कुमार सिंह ने बताया कि गृह स्वामी ने पहले गलत सूचना दी थी कि घर पर बम फेंका है। हालांकि बाद में उन्होंने लिखित में दिया कि घर के गंधक पोटाश रखा था। इसी के चलते धमाका हुआ।

# व्यापारी नेता के परिजन के मिलने पहुंचे पूर्व ऊर्जा मंत्री

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



मथुरा। पूर्व ऊर्जा मंत्री व विधायक श्रीकांत शर्मा रविवार को व्यापारी नेता हेमेंद्र गर्ग की हत्या के बाद उनके घर पहुंचे। पूर्व ऊर्जा मंत्री ने परिजन को सांत्वना दी। इस दौरान व्यापारी नेता के घर पर सुरक्षा न होने पर उन्होंने एसएसपी को फोन कर नाराजगी जताई। हिमाचल से लौटे पूर्व ऊर्जा मंत्री व विधायक श्रीकांत शर्मा सुबह गायत्री विहार स्थित व्यापारी नेता हेमेंद्र गर्ग के पहुंचे। यहां पर परिवार को ढांढस बंधाया और हरसंभव मदद का भरोसा दिया। व्यापारी नेता के आवास पर सुरक्षा के लिए लगे पुलिसकर्मी नदारद होने पर विधायक ने फोन से एसएसपी श्लोक सिंह से नाराजगी जताई। एसएसपी ने तत्काल व्यापारी नेता के आवास पर सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मियों को भेजा। विधायक ने कहा कि व्यापारी नेता को पूरा न्याय दिलाया जाएगा। हत्यारोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी। इस दौरान स्थानीय पार्षद राकेश भाटिया आदि भाजपा नेता मौजूद रहे।

# यूएन की एलिजा ने जैंत में लगाए ठुमके

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**




मथुरा। गांव जैंत में यूएन की एलिजा स्पम्पीनातो ने भ्रमण कर ग्रामीण परिवेश को नजदीकी से देखा। कालिया मर्दन नाग मंदिर में पूजा-अर्चना की। महिलाओं के भजन-कीर्तन में शामिल हुईं। जय कुंड की परिक्रमा लगाई और शाम को लोकनृत्य-संगीत में महिलाओं के साथ ठुमके लगाए। पर्यटन विभाग के सहयोग से आयोजित फैम ट्रिप में यूएन से आयीं पर्यटन एवं स्टोरी-टेलर विशेषज्ञ एलिजा स्पम्पीनातो एवं पूनम गुप्ता ने गांव का भ्रमण किया। पोला वाली बगीची स्थित चिंताहरण-राधाकृष्ण मंदिर में दर्शन किए। पीपल के वृक्ष की छांव में ग्रामीणों से विचारों का आदान-प्रदान किया। मिट्टी के बर्तन बनाने वाले कलाकारों से उनके शिल्प के बारे में जाना। उच्च प्राथमिक विद्यालय द्वितीय पहुंचकर स्कूली शिक्षा के बारे जानकारी प्राप्त की। आदर्श सेवा समिति द्वारा पंजीकृत होमस्टे के मालिकों से बातचीत की। तुलसी की खेती करने वाले किसानों से मुलाकात की, फसल भंडारण एवं तुलसी की माला एवं लड्डू गोपाल जीकी पोशाक बनाने वाले शिल्पियों से बात कर प्रक्रिया का अवलोकन किया। पंचायत भवन में महिला उद्यमियों से ब्रांडिंग, प्रमोशन, एकस्पोजर, वैल्यू चेन, सप्लाई चैन इत्यादि बिंदुओं पर जानकारी ली। प्रधान प्रतिनिधि संजय सिंह, पंचायत सचिव लवी बंसल, प्रमोद तिवारी, प्रकाश कुमार, बॉबी सोलंकी, मीरा सिंह आदि मौजूद रहे।

# जमीन के जाली कागज तैयार कर करायी गई फर्जी रजिस्ट्री महिला ने लगाया आरोप,केस दर्ज

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**




मुरादाबाद।।महिला ने बताया कि जो रजिस्ट्री कराई गई है उस पर न तो फोटो है ना मेरे हस्ताक्षर हैं और ना ही अंगूठे का निशान है। यह रजिस्ट्री पूरी तरह फर्जी व जाली है।

मझोला थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने अपने ही पति पर उसकी जमीन हड़पने का आरोप लगाया है। आरोप है कि महिला को बिना बताए उसके नाम की जमीन बेच दी गई है। महिला ने मामले की शिकायत डीआईजी मुरादाबाद से की। डीआईजी के आदेश के बाद पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मोहल्ला भोला सिंह की मिलक की रहने वाली महिला रुखसाना ने डीआईजी को दिए गए प्रार्थना पत्र में अपनी व्यथा बताई है। महिला ने बताया कि साहब मैं तो अपने घर पर थी। उसके पति ने धोखाधड़ी से फर्जी कागजात तैयार कराकर उसके नाम की जमीन किसी अन्य व्यक्ति को बेच दी है।

एफआईआर के अनुसार महिला की जमीन रूस्तम सराय तहसील बिलारी में स्थित है। महिला का पति हामिद हुसैन पुत्र वफाती हुसैन महिला पर काफी समय से जमींन बेचने को लेकर दबाव बना रहा था। पति की इस हरकत से पत्नी नाराज थी व जमीन बेचने से मना कर दिया था।

महिला का आरोप है कि उसके पति हामिद ने अपने दो साथियों सलाउ?द्दीन व अलाउ?द्दीन में साथ मिलकर उसकी जमीन के फर्जी कागजात तैयार कराए और रजिस्ट्री करा दी गई। इस रजिस्ट्री में सलाउ?द्दीन व अलाउ?द्दीन ने गवाहों की भूमिका निभाई है।महिला ने बताया कि जो रजिस्ट्री इन लोगों द्वारा कराई गई है उस पर न तो फोटो है ना मेरे हस्ताक्षर हैं और ना ही अंगूठे का निशान है। यह रजिस्ट्री पूरी तरह फर्जी व जाली है।

**गवाहों के खिलाफ भी केस दर्ज**

महिला ने आगे बताया कि इन लोगों ने फर्जी व जाली तरीके से रजिस्ट्री कराई है। इन लोगों ने मेरी जमीन से एक बीघा जमीन का बैनामा रजिस्ट्रार कार्यालय बिलारी में प्रदीप कुमार पुत्र रामस्वरुप निवासी मकान नं0 13, गली नं0 1, प्रकाश नगर लाइनपार थाना मझोला के नाम कर दिया। जिसमें गवाहों के रूप में सलाउ?द्दीन व अलाउ?द्दीन ही है। इसके बाद महिला आने अपने पति से मामले की शिकायत की तो महिला के पति ने गाली गलौज कर मारा पीटा बाल खीचें तथा गला भी दबाया और धमकी दी कि यदि हमारे खिलाफ कोई कार्रवाई तो तेरी हत्या कर देंगे और तेरे बेटे को भी गायब कर देंगे।

# कुशवाहा, पटेल समाज पर अभद्र टिप्पणी से आक्रोश

## सोशल मीडिया पर टिप्पणी पोस्ट करने वाले पर सख्त कार्यवाही की मांग

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



ललितपुर। सोशल मीडिया के फेसबुक प्लेटफार्म पर विभिन्न समाजों के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने से कई समाजों के संगठनों में आक्रोश देखा गया। आक्रोशित समाज के लोगों ने प्रदर्शन करते हुये पुलिस अधीक्षक को संबोधित ज्ञापन क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार को सौंपते हुये कार्यवाही की मांग उठायी है। ज्ञापन में विभिन्न समाजों से आये लोगों ने एसपी को अवगत कराया कि बीती 26 अप्रैल को कल्लू बुन्देला नाम की आई.डी. से फेसबुक पर एक युवक द्वारा कुशवाहा समाज, पटेल समाज के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करते हुये गालियां लिखी गयीं। यह पोस्ट जंगल में आग की तरह फैल गयी। इस पोस्ट से नाराज बुन्देलखण्ड कुर्मी क्षत्रिय कल्याण समिति, बुन्देलखण्ड कुर्मी कल्याण समिति, नगर कुश समिति कुशवाहा समाज, प्रगतिशील विश्व मौर्य परिषद, जिला परामर्श पंचायत मण्डल कुशवाहा समाज, अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा इत्यादि के पदाधिकारियों ने प्रदर्शन करते हुये पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन के जरिए सभी ने पोस्ट करने वाले व्यक्ति के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय महिरवान सिंह, सोहनलाल निरंजन, राजेश पटेल, कैलाश पटेल, हरीशंकर पटेल, विवेक पटेल, राजेश, करन सिंह, सोनू पटेल, संजय कुर्मी, देवेन्द्र निरंजन, जितेन्द्र पटेल, अमित पटेल, रामअवतार, प्रभान सिंह, आनंद पटेल, अभिषेक पटेल, प्रकाशचंद्र, लाखन सिंह पटेल, संतोष कशुवाहा, राजा कुशवाहा, ओमप्रकाश कुशवाहा, हनुमत सिंह, बलराम कुशवाहा, राहुल कुशवाहा, लल्लू रजवारा, जानकी कुशवाहा, सोनू कुशवाहा, शत्रुघन कुशवाहा, जयराम कुशवाहा, पुरुषोत्तम कुशवाहा, ओमप्रकाश कुशवाहा, मनोज कुमार, दीपक कुशवाहा, प्रकाश कुशवाहा, रूपलाल मौर्य, रमेश कुशवाहा, आजाद कुशवाहा, देवव्रत कुशवाहा, प्रवेश, भगवानदास, मोहनलाल, राकेश, गिरजेश कुशवाहा, अमित कुशवाहा, संतोष कुमार, मनोज कुशवाहा, सोनू कुशवाहा, प्रमोद, रामलाल कुशवाहा, रौशन कुशवाहा, विवेक, मोनू, धर्मवीर कुशवाहा, रमेश कुशवाहा, धीरज कुशवाहा, रामू, सुजान सिंह के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

# पहलगाम हमले की निंदा, सपा ने दिवंगतों को दी श्रद्धांजलि

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



ललितपुर। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध में समाजवादी पार्टी ने देर शाम स्थानीय घंटाघर प्रांगण में हमले में दिवंगत हुए पर्यटकों को मोमबत्ती जलाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि आतंकवादियों द्वारा यह कृत्य कायराना है। इसकी जितनी निंदा की जाए, उतनी कम है। आज पूरा देश आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहा है। ऐसे नापाक मंसूबे वाले आंतकी संगठनों को जड़ से ध्वस्त करना चाहिए। जाकि भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो पाए।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव, शिशुपाल सिंह लोधी, अनवर खान, रोहित राठौर, अंशुल जैन, नीलू रजक, राजेश यादव, जिला प्रवक्ता प्रमोद इमलिया, मीडिया प्रभारी राममूर्ति तिवारी, रामराज कुशवाहा, विजय कुमार अहिरवार, रवि श्रीवास, ओमप्रकाश कुशवाहा, मूरत सिंह, अरशद मंसूरी, छात्रसभा जिलाध्यक्ष गौरव विश्वकर्मा, पुष्पेंद यादव, हरीसिंह, आकिब मंसूरी, शहरोज खान, रॉबिन, नीलू कुशवाहा, मुलायम राजपूत, विक्की रजक, कैफी पठान, अमन मंसूरी, साहिद अली, राजेश झा, माधव यादव, राहुल कुशवाहा, रवि खटीक, अनश अहमद, फैजान खान, जितेंद्र जोशी आदि सपाई मौजूद रहे।

# सिद्धनपुरा-नेहरूनगर और जुगपुरा में नलों से नहीं टपकी पानी की एक भी बूंद

## सरकारी आंकड़े फिट, कागजों में सब सही, फिर भी जनता प्यासी - आखिर कमी कहाँ?

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



ललितपुर। शहर के मोहल्ला सिद्धनपुरा, नेहरू नगर, जुगपुरा में दिन शनिवार की शाम को व रविवार की सुबह पाइप लाइन के नलों से एक भी बूंद नहीं टपकी। शनिवार की शाम को और रविवार की सुबह पाइप लाइन वाले नल नही आने के कारण मोहल्लेवासी बूंद बूंद पानी को तरस गये। ऐसी हालत में मोहल्ले वासियों को दूरदाराज पर लगे हैण्डपम्पो पर जाकर पेयजल का इन्तजाम करना पड़ा। वही हैण्डपम्पों पर पानी भरने वालो की काफी भीड़ भाड़ लगी रही। सुबह जब मोहल्लेवासी सुबह पाइप लाइन वाले नलों के नीचे अपने बर्तन रखकर नल आने का इन्तजार कर रहे थे, लेकिन जब बहुत देर तक नल नही आये है तो मोहल्लेवासियों को माजरा समझने में देर नहीं लगी।

वह समझ गये कि कही पर कोई खराबी आ गई है जिससे नल नही आये हैं। सभी ने अपने अपने बर्तन उठाये और पानी भरने के लिये हैण्डपम्पो पर दौड़ पड़े। देखते ही देखते हैण्डपम्पो पर पानी भरने वालो की भीड़ लगी रही। दिन भर मोहल्ले वासी पानी भरने के लिये तपती लाल धूप में कड़ी मशक्कत करते रहे पानी भरने के लिये, कोई साइकिल पर कुप्पा टांगकर तो कोई सिर पर गुन्डी रखकर जा रहा था और घर वालों की पानी भरवाने में मदद करने के लिये बच्चे भी पीछे नहीं हटे।

# भारत सरकार को अब आतंकवाद के खिलाफ कठोर कदम उठाना चाहिए- बजरंग सेना

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर बजरंग सेना संगठन ने जिलाध्यक्ष डॉक्टर दीपक पस्तोर के नेतृत्व में बजरंग सेना जिला कार्यालय पर जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए खूनी आतंकी हमले की जोरदार निंदा की
और सभी पदाधिकारियों ने केंडिल जलाकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की....

प्रदेश प्रभारी शुभम पस्तोर ने भारत सरकार से आग्रह किया कि जल्द से जल्द सभी आतंकवादियों को खत्म करके हमले में मारे गए हिंदू भाईयो को सच्ची श्रद्धांजलि दी जाए...

महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रतिभा कौशिक ने इस कायरना हरकत पर पाकिस्तान को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि भारत देश के प्रधानमंत्री को कुछ करके दिखाना चाहिए

नगर अध्यक्ष महिला मोर्चा राजकुमारी दुबे ने कहा कि इन इस्लामिक कट्टरपंथियों को जड़ से खत्म होना चाहिए आखिर कब तक हम यू अपने हिंदू भाईयो की मौतों का मंजर देखते रहेंगे....

सभी पदाधिकारियों ने पाकिस्तान मुदार्बाद और इस्लामिक कट्टरपंथी मुर्दवाद के नारे लगाते हुए नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की

इस श्रद्धांजलि में प्रदेश प्रभारी शुभम पस्तोर खड़ेरा,प्रदेश संयोजक महिला मोर्चा शिवांगी नायक,जिलाध्यक्ष डॉक्टर दीपक पस्तोर,जिला प्रभारी रामकुमार तिवारी,जिला उपाध्यक्ष अजय सिंह बुंदेला,जिला महासचिव श्याम दीक्षित,महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रतिभा कौशिक,जिला प्रभारी ममता तिवारी,प्रदेश प्रभारी कविता पस्तोर,नगर अध्यक्ष राजकुमारी दुबे,नगर उपाध्यक्ष बबिता दुबे,नगर महामंत्री महिला मोर्चा सुमन रावत, जिला महासचिव जयराम सेन,जिला संगठन मंत्री संजू सेन बुढ़वार,जिला उपाध्यक्ष दीपक नायक, सानू पाठक,राधे गोश्वामी दीपक,जिला प्रचार प्रसार मंत्री दीपेश उपाध्याय,नगर प्रभारी ऋषि शुक्ला,नगर संयोजक जितेंद्र नायक,पूर्व नगर अध्यक्ष युवा मोर्चा आदर्श दुबे,नगर उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार कुशवाहा,नगर उपाध्यक्ष आकाश दुबे आदि सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

# वन नेशन वन इलैक्शन कार्यक्रम को लेकर हुआ प्रबुद्ध वर्ग का सम्मेलन हुआ संपन्न

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर -ललितपुर के प्रबुद्ध समाज का एक सम्मेलन वन नेशन वन इलेक्शन कार्यक्रम के पक्ष में कल्याण सिंह सभागार में आयोजित हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता प्रसिद्ध फिजिशियन डा राजकुमार जैन ने की एवं संचालन रिटायर्ड अध्यापक बिलास चंद्र पटैरिया ने किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में नेहरू परास्नातक महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ अवधेश अग्रवाल उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संयोजन प्रसिद्ध व्यवसायी पं प्रदीप चौबे ने किया।

कार्यक्रम की शुरूआत में अध्यापक बृजेश कुमार चौरसिया ने अपने स्वरचित गीत के माध्यम से वन नेशन वन इलेक्शन कार्यक्रम की जरूरत पर प्रकाश डाला।

इसके बाद प्रसिद्ध व्यवसायी व कार्यक्रम संयोजक पं प्रदीप चौबे ने इस कार्यक्रम की प्रस्तावना रखी । उन्होंने इस कार्यक्रम से देश को होने बाले लाभ की जानकारी दी ।

इस सम्मेलन में ललितपुर के प्रमुख शिक्षाविद, प्रोफेसर, अध्यापक, चिकित्सक, अधिवक्ता, साहित्यकार,लेखक आदि सम्मिलित हुए और वन नेशन वन इलेक्शन के कार्यक्रम पर अपने विचार व्यक्त किए।

तत्पश्चात उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय व्यापारी नेता महेंद्र जैन मयूर नै कहा कि व्यापारी सदैव से एक राष्ट्र एक चुनाव के पक्ष में रहे हैं क्योंकि लगातार चुनाव होने से व्यापारियों को कई दिक्कत का सामना करना पड़ता है । उन्होंने कहा कि व्यापारियों ने अभी सरकार के नुमाइंदों से मिल कर एक राष्ट्र एक चुनाव एक टैक्स की मांग भी रखी थी जिस पर सरकार ने गम्भीरता से विचार करने का आश्वासन दिया।

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने कहा कि सबसे बड़ी समस्या तो तब आती है जब किसी वार? साल में लगातार पंचायत,निकाय , विधानसभा आदि के चुनाव होते हैं तो? सारे बर्ष आचार संहिता के कारण विकास के कार्य रुके रहते हैं।इस लिए त्वरित विकास हेतु एक राष्ट्र एक चुनाव कराया जाना जरूरी है।

सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन कार्यक्रम से सरकारी मशीनरी की कार्यप्रणाली पर शीघ्रता आयेगी।

श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी ने कहा कि इससे वोटर लिस्ट में एकरूपता आयेगी और दो जगह वोटर वनने का काम भी नहीं हो सकता।

मुख्य वक्ता डा अवधेश कुमार अग्रवाल ने इस विषय पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन कार्यक्रम इस देश के लिए नया नहीं है। भारत में पहले आम चुनाव में ऐसा ही हुआ था सारे देश में सन उन्नीस सौ इन्क्वावन एक साथ चुनाव हुआ था।इसके अलावा उन्होंने विश्व? के कई देशों का उदाहरण देते हुए कहा कि कैसे वहां एक साथ चुनाव होते हैं । उन्होंने कहा कि पिछले बरसों में दस देशों इण्डोनेशिया, दच्छिण अफ्रीका,जर्मनी,स्पेन,हंगरी, स्लोवेनिया, अल्बानिया,पोलेण्ड, बेल्जियम आदि में एक साथ चुनाव हुए थे ।इसके अलावा अमेरिका में भी स्थानीय निकाय को छोड़कर सीनेट, राष्ट्रपति आदि का चुनाव एक साथ होता है । उन्होंने कहा कि भारत जैसे विकासशील देश में एक साथ चुनाव होना बहुत जरूरी है ताकि अरबों के अनावश्यक खर्चों को बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि भारत में हर चुनाव में नये सिरे से वोटर लिस्टें विनती हैं जिसमें करोड़ों कर्मचारी लगते हैं और अरबों रुपए खर्च होते हैं। इसलिए वन नेशन वन इलेक्शन कार्यक्रम इस देश के लिए बहुत जरूरी है।

अन्त में कार्यक्रम के अध्यक्ष डा राजकुमार जैन ने कहा कि वन नेशन वन इलैक्शन कार्यक्रम आजादी के लगभग वीस सालों तक इस देश में लागू रहा है पहले आम चुनाव से लेकर उन्नीस सौ सड़सठ तक भारत में ऐसा होता रहा है। उन्होंने कहा कि उन्नीस सौ तेरासी में चुनाव आयोग ने तात्कालीन सरकार के सामने यह प्रस्ताव रखा था जिसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था ।

# युवा राष्ट्रीय लोकदल की कार्यकरणी का हुआ गठन सौंपे गए पदाधिकारीयों को उनके पद

एनपीटी ब्यूरो ललितपुर

ललितपुर आज युवा राष्ट्रीय लोकदल की बैठक युवा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम कुशवाहा उर्फ परशु भैया के निवास डोंडाघाट तालाबपुरा ललितपुर में की गई जिसमें युवा राष्ट्रीय लोकदल की कार्यकरणी का गठन किया गया तो वहीं पर उपस्थित पदाधिकारीयों को उनके पद प्रदान कर माला पहनाकर प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।आपको अत्याधिक हर्ष के साथ सूचित करना पड रहा है कि युवा राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय जयन्त चौधरी जी के निर्देशन में तथा राष्ट्रीय महासचिव संगठन माननीय त्रिलोक त्यागी जी एवं युवा राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौहान जी साथ ही क्षेत्रीय अध्यक्ष युवा राष्ट्रीय लोकदल के अनुमोदन उपरान्त तथा युवा राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष जी पुरुषोत्तम कुशवाहा उर्फ परशु भैया जी की सहमति से आपको युवा राष्ट्रीय लोकदल का नाम पद 1इकरार
जिला उपाध्यक्ष वरिष्ठ
पता अजीतापुरा ललितपुर
2 बसीम जिला उपाध्यक्ष वरिष्ठ
गोविन्द नगर राम लीला के सामने ललितपुर
3 नौशाद नगर उपाध्यक्ष (कनिष्ठ) नदी पहले पार
4 नदीम नगर उपाध्यक्ष (कनिष्ठ)
नदीपुरा ललितपुर
5 नशीम नगर उपाध्यक्ष (कनिष्ठ)
गोविन्द नगर ललितपुर
6 पंकज कुमार रायकवार
जिला मीडिया प्रभारी
तालाबपुरा ललितपुर
7 नीलेश
तहसील अध्यक्ष (पाली)
ग्राम पाली ललितपुर
8 नीरज जिला सचिव
डोडा घाट तालाबपुरा ललितपुर
9 अभी जिला सचिव
तालाबपुरा ललितपुर
10 अखिल जिला सचिव
घुसयाना ललितपुर
11 सुनील जिला सचिव
मसौरा कलां ललितपुर
12 धर्मेंद्र जिलामंत्री (कनिष्ठ)तालाबपुरा ललितपुर
13 राहुल जिलामंत्री (कनिष्ठ) सरायपुरा ललितपुर
14 अंकित नगर सचिव
नदीपुरा ललितपुर
15 संगम नगर सचिव
आजादपुरा ललितपुर
16 चंदन जिला प्रचार मंत्री
तालाबपुरा ललितपुर
17 देबेन्द्र जिला प्रचार मंत्री
तालाबपुरा अखाडे के पीछे ललितपुर
18 प्रमोद जिलामंत्री (वरिष्ठ)
नदीपुरा ललितपुर
19 नमन जिला प्रवक्ता
तालाबपुरा ललितपुर
20 राजेंद्र नगर अध्यक्ष
खिरकापुरा ललितपुर
21 रामकिशन जिला प्रचार मंत्री डोडाघाट ललितपुर
22 रहीश नगर सचिव गोविंद नगर ललितपुर
23 उमेश जिला सचिव
गोविंद नगर ललितपुर
मनोनीत किया गया है।
आशा है कि आप इस गृहण पद दायित्व का निर्वहन करते हुए श्रद्धेय भारत रत्न श्री चौधरी चरण सिंह एवं श्रद्धेय श्री चौधरी अजीत सिंह की विचारधारा एवं राष्ट्रीय लोकदल की रीति व नीतियों में आस्था रखते हुए राष्ट्रीय लोकदल संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे ।

# पेयजल आपूर्ति दुरुस्त होने तक टैंकरों से पानी उपलब्ध कराने की मांग

**एनपीटी ब्यूरो**

ललितपुर। स्थानीय कंपनीबाग में रविवार को शहर में गहराए पेयजल संकट को लेकर बुंदेलखंड विकास सेना ने संगठन प्रमुख हरीश कपूर की अध्यक्षता में बैठक की। इसमें वक्ताओं ने पेयजल आपूर्ति दुरुस्त होने तक टैंकरों से पानी उपलब्ध कराए जाने की मांग की है।

संगठन प्रमुख ने कहा कि शहर में प्रत्येक वर्ष गर्मी शुरू होते ही पेयजल संकट गहरा जाता है। उन्होंने कहा गोविंद सागर बांध में पर्याप्त पानी होने के बाद भी संकट दूर नहीं हो रहा है। अन्य वक्ताओं ने कहा कि अधिकारियों की उदासीनता का दंश पेयजल संकट से परेशान होकर भुगतना पड़ रहा है। प्रत्येक वर्ष केंद्र व राज्य सरकार द्वारा बजट जारी किया जा रहा है। इसके बाद भी आपूर्ति व्यवस्था में सुधार नहीं हो रहा है।

वर्तमान में अमृत योजना चल रही है, जिसका उद्देश्य घर-घर पेयजल की आपूर्ति करना है, लेकिन योजना धरातल पर नहीं उतर पाई है। जिला ललितपुर में अधिक बांध होने के बाद भी पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। नलों में गंदा व बदबूदार पानी आ रहा है। इससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बना हुआ है। अंत में संगठन प्रमुख ने कहा कि बुधवार को घंटाघर पर मटका फोड़ प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने मांग की है कि पेयजल आपूर्ति दुरुस्त होने तक टैंकरों से पर्याप्त पानी उपलब्ध कराया जाए। साथ ही खराब हैंडपंप की मरम्मत की जाए, अन्यथा संगठन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। बैठक में कदीर खां, मुन्ना त्यागी, प्रेमशंकर गुप्ता, विनोद साहू, प्रदीप, हनुमत पहलवान, नंदराम कुशवाहा खुशाल बरार, कामता शर्मा आदि अन्य मौजूद रहे।

# रोमांचक मुकावले में पीतांबरा इलेवन ने जीता मैच

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर बार- ग्राम पंचायत बस्तगुवां प्रीमियर लीग क्रिकेट टूनार्मेंट के सीजन 2025 का भव्य शुभारंभ मुख्य अतिथि शेर सिंह यादव ग्राम प्रधान टोड़ी, फूल सिंह यादव जिला पंचायत सदस्य पारौन, सोन सिंह यादव ग्राम प्रधान बस्तगुवां के द्वारा किया गया सीजन 2 का पहला मुकावला मां पीतांबरा इलेवन एवं तुवन सरकार इलेवन के बीच खेला गया जिसमें मां पीतांबरा इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 119 रन बनाए तो वहीं दूसरी टीम श्री तुवन सरकार ने 108 रन पर ही आल आउट हों गयी और 11 रन से पीतांबरा इलेवन ने अपना पहला मुकवला जीत लिया के मैच के दौरान आयोजक रोहित यादव प्रधान प्रतिनिधि अभिषेक यादव मोनू भैया कृष्णपाल यादव केपी भैया बृजपाल सिंह राजपूत ब्रज भैया हरपाल सिंह बुंदेला अनिरुद्ध यादव ऋषि भैया रणवीर सिंह बुंदेला अभिषेक यादव गुल्ले सत्येंद्र यादव नंदू भैया अभिषेक यादव एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित है।

# वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर निकाला जागरुकता मार्च

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

ललितपुर। भाजपा ने ह्यवन नेशन वन इलेक्शनह्व कार्यक्रम के तहत जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत के निर्देशन में जन जागरुकता मार्च का आयोजन किया। यह आजादचौक से प्रारंभ होकर सावरकर चौक, घंटाघर होते हुए सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर समाप्त हुआ। यहां गोष्ठी का आयोजन किया गया।

सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने कहा कि इस समय भारत विकसित देश बनने की ओर अग्रसर है, लगातार हमें विभिन्न सुधारों की जरूरत है। प्रधानमंत्री इस दिशा में कार्य कर रहे हैं, अगर हम ग्राम इकाइयों से लेकर लोकसभा तक के चुनाव इकट्ठे कराएं तो हमारे देश का अरबों रुपये बच जाएगा। प्रदीप चौबे ने कहा कि हमारे यहां अलग-अलग प्रदेशों में चुनाव चलते रहते हैं। इससे विकास कार्य रुक जाते हैं।

जिला महामंत्री बब्बू राजा बुंदेला ने कहा कि हम सब कार्यकताओं का कर्तव्य है कि ह्यवन नेशन वन इलेक्शनह्व से होने वाले लाभों की जानकारी आम जनता तक पहुंचाएं। इस अवसर पर हरिराम निरंजन, जगदीश सिंह लोधी, राजकुमार जैन, महेश श्रीवास्तव भैया, अब्दुल नासिर मंसूरी, डॉ राजकुमार जैन, देवेंद्र गुरु, लक्ष्मी रावत, डॉ दीपक चौबे, भगत सिंह राठौर, मनीष अग्रवाल, मोहनलाल रैकवार आदि उपस्थित रहे।

# पहलगाम हमले के विरोध में खेतड़ी में समाज सेवी घुमरिया के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन

## 26 निर्दोष लोगों की हत्या पर जताया रोष

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

झुंझुनूं। खेतड़ी में सर्व समाज ने पहलगाम आतंकी हमले का विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने समाजसेवी मनोज घुमरिया के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर आतंकियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि आतंकियों ने निहत्थे सैलानियों की हत्या कर अपराध किया है। इस हमले में 26 निर्दोष लोगों की जान गई। प्रमुख समाजसेवी मनोज कुमार घुमरिया ने कहा कि पड़ोसी देश से होने वाली आतंकी घटनाओं पर प्रभावी कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व आतंकियों




को पनाह देते हैं। इसलिए राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में शामिल लोगों की पहचान कर कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि हम खेतड़ी विधानसभा क्षेत्र के लोग राष्ट्रपति से मांग करते हैं कि जम्मू कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले में शामिल इन आतंकवादियों को और इनको पनाह देने वाले लोगों तथा उनकी एजेंसी पर तत्काल कार्यवाही करते हुए जवाब दिया जाए। पाकिस्तान के आतंकवादी कैंपों पर पुनः एक बार सर्जिकल स्ट्राइक की जाए। प्रदर्शनकारियों ने दो मिनट का मौन रखकर मृतक पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी। प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा भारत सरकार से पीड़ितों को न्याय दिलाने की मांग की।इस दौरान कैलाश सैनी, बाल प्रसाद, मनोहर लाल सेन, रमेश मेघवाल, जगमोहन, मनीष कुमार, शिवलाल चौधरी, राजेंद्र कुमार, गोकुलचंद, मुमताज खान, शिवराम, वसीम कुरैशी, श्रीराम, ख्यालीराम, प्रवीण कुमार, रामौतार, नानूराम सैनी, सुल्तान, भींवाराम, हरदयाल, बुधराम, मुरारीलाल, राकेश कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव एवं श्री परशुराम मंदिर स्थापना पर खैरथल में भव्य आयोजन आज

## मंत्री संजय शर्मा करेगें कार्यक्रम की अध्यक्षता

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



खैरथलः खैरथल में ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम ज जन्मोत्सव एवं श्री परशुराम मंदिर स्थापना के उपलक्ष्य में कलश और शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा ब्राह्मण समाज अध्यक्ष रामसिंह शर्मा ने बताया सुबह 7 बजे श्री परशुराम चौक ईस्माइल रोड़ से किशनगढ़ रोड़,रेलवे फाटक होते हुए मातोर रोड परशुराम भवन बगीची तक बाइक यात्रा, हनुमान मंदिर से परशुराम भवन तक कलश यात्रा निकाली जाएगी जिसमें भगवान परशुराम रामजी की मंदिर मे स्थापित की जाने वाली प्रतिमा को नगर-भ्रमण कराया जाएगा उसके बाद पूर्ण विधिवत प्रतिमा को परशुराम भवन मे नवनिर्मित भगवान परशुराम मंदिर मे स्थापित कर दिया जाएगा.बाइक यात्रा एवं कलश यात्रा का शहर मे जगह जगह स्वागत किया जाएगा दोपहर 11. 25बजे विशाल भण्डारा शुरू होगा कार्यक्रम मे ख्याती प्राप्त साधु संतों के दर्शन का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में वन मंत्री संजय शर्मा अध्यक्षता करेंगे महिला ब्राह्मण समाज अध्यक्ष मीना शर्मा के अनुसार परशुराम जी के मंदिर बनने से हमारे अराध्यदेव भगवान परशुराम जी के द्विव्य दर्शन अब हम खैरथल में ही कर पायेगें मंदिर का निर्माण समाजसेवी बीएन अवस्थी की ओर से कराया गया है

कार्यक्रम में समाज के बड़ी संख्या में लोग शामिल होगे कलशयात्रा में जीवंत झांकियां भी सजाई जाएगी परशुराम भवन पर महाआरती के साथ कार्यक्रम का समापन होगा और विशाल भण्डारे का आयोजन होगा

# संविधान बचाओ रैली में बूंदी से जयपुर पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ता

ब्यूरो -एनपीटी

बूंदी 28 अप्रैल सोमवार को जयपुर में आयोजित कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली में बूंदी से भी बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता भाग लेने पहुंचे। संविधान बचाओ रैली को मुख्य रूप से कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खान के संबोधित किया रैली में कश्मीर पहलगाम में आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति की प्रार्थना भी की गयी।रैली में बूंदी से गये कांग्रेस पदाधिकारियों ने कांग्रेस वार रूम स्थल पर पूर्व मंत्री हिण्डोली विधायक अशोक चांदना व बूंदी कांग्रेस जिलाध्यक्ष विधायक



सीएल प्रेमी से भी मुलाकात की। बूंदी से राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा,ओबीसी कांग्रेस के प्रदेश महासचिव जगरूप सिंह रंधावा,तालेड़ा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रेमशंकर राठौर, बूंदी पंचायत समिति प्रधान प्रतिनिधि सत्यनारायण मीणा,तालेड़ा मंडल अध्यक्ष इमरान देशवाली, कांग्रेस नेता हंसराज चौधरी जलोदी, एनएसयूआई के पूर्व प्रदेश सचिव किशन नेखाड़ी,सीताराम गुर्जर, बिट्टू मेघवंशी,बिरजू मेहरा, नन्दकिशोर मीणा, महावीर मीणा, देवराज मीणा,मुकुट मीणा आदि ने पूर्व मंत्री अशोक चांदना से मिलकर संगठनात्मक चर्चा की।

# नार्को कोर्डिनेशन सेंटर की जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई:स्टूडेंट्स को नशे से दूर रखने के लिए उनकी नियमित काउंसलिंग करवाएं : कलेक्टर

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

खैरथल-तिजारा, 28 अप्रैल। जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को जिला सचिवालय खैरथल तिजारा में नार्को कोआर्डिनेशन केंद्र की जिला स्तरीय कमेटी की बैठक का आयोजन हुआ।

बैठक के दौरान जिले में नशीले पदार्थों की तस्करी, अफीम या गंजे की अवैध खेती, ट्रामाडोल कोडिन आधारित खांसी की दवाई, भांग के वैध ठेको पर संचालित अवैध गतिविधियों की रोकथाम, पुलिस विभाग में अन्य विभागों द्वारा अभी तक की गई कार्यवाही, एनडीपीएस अधिनियम और दवाइयों के हानिकारक प्रभाव के प्रावधान के बारे में जागरूकता साहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई।

बैठक के दौरान जिला कलेक्टर ने जिले में ड्रग की समस्या से निपटने में युवाओं और महिलाओं की भागीदार हेतु जागरुकता अभियान चलाने के निर्देश दिए तथा नशा मुक्त भारत अभियान की सफलता के क्रम में सभी कार्यालयों के कार्मिकों, स्कूल एवं कॉलेज में नशा विरुद्ध अभियान की प्रेरणा स्वरूप एक शपथ दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक के दौरान भांग के ठेकों निगरानी रखते हुए वैध तरीके से संचालित करवाने के निर्देश भी दिए।बैठक मे जिले के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# रसद सामग्री से भरा ट्रक राजेश जोशी के नेतृत्व में केदारनाथ हुआ रवाना



नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।

अलवर । श्री अमरनाथ बर्फानी सेवा समिति ? की ओर से श्री केदारनाथ धाम में आयोजित होने वाले आठवें विशाल भंडारे के लिए आवश्यक रसद सामग्री से भरा एक ट्रक सोमवार को दोपहर 3:00 बजे कंपनी बाग के सामने रिवाज रिजॉर्ट से राजेश जोशी के नेतृत्व में रवाना किया गया।

केदारनाथ में यह भंडरा 2 मई से 23 अक्टूबर? 2025 तक चलेगा। रसद सामग्री के ट्रक रवाना करने से पहले पंडित राजेंद्र आचार्य द्वारा पूजन किया गया। इसके बाद हरी झंडी दिखाई गई। ? इस अवसर पर

आर पी महावर विजय सोलवेकस, अपना घर आश्रम शालीमार के डायरेक्टर अशोक सैनी, बाबू झालानी सीबा मसाला, विष्णु शर्मा, महेश मुद्गल, राजीव शर्मा मनोज शर्मा, प्रमोद शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार प्रकाश बेनीवाल, महेश खंडेलवाल, मनोज विजय, सुरेश यादव नरेश गौड सहित अन्य सेवादार उपस्थित रहे।

# प्रेम धाम नजफगढ़ में पहलगाम हमले के विरोध में कैंडल मार्च



नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।

नई दिल्ली। पहलगाम में आतंकियों द्वारा मारे गए निर्दोष पर्यटकों के विरोध में ह्यूमन केयर इंटरनेशनल द्वारा प्रेम धाम दिचाऊं रोड नजफगढ़ में कैंडल मार्च का आयोजन किया गया और मृतकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कैंडल मार्च में ह्यूमन केयर इंटरनेशनल संस्था के सभी शिक्षक पदाधिकारी शामिल हुए और सबने एक साथ मिलकर देश में सद्भावना के लिए कार्य करने का संकल्प लिया गया।

# चावण्ड पाड़ी और बल्लू वाला कुआं क्षेत्र में चोरी की वारदातें बढ़ीं, पुलिस में मामला दर्ज

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो



अलवर। शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के चावण्ड पाड़ी और बल्लू वाला कुएं के पास बीते कुछ महीनों से चोरी की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। क्षेत्र निवासी मुरारीलाल सैनी पुत्र प्रताप सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि पिछले 4-5 माह में उनके घर के पास स्थित गली से तीन लोहे की गाटर, पैडल वाला पंखा, 80 किलो वजनी लोहे का गेट, प्लास्टिक गेट और कूलर चोरी हो गया।

पीड़ित ने बताया कि चोरी हुआ लोहे का गेट कुल्डर के घर से बरामद किया गया है। जांच में नारायण बड़गांज निवासी, सन्नी सरदार और तीन अन्य व्यक्तियों के चोरी में शामिल होने की जानकारी मिली है।

इसके अलावा, 20 फरवरी 2025 को रमेश प्रजापत के घर के बेसमेंट के ताले तोड़कर मोटरसाइकिल चोरी की गई। वहीं, मुकेश सैनी के घर के सामने से बड़ा कूलर और अंजली के गोदाम का ताला तोड़कर सामान चोरी कर लिया गया।

लगातार हो रही चोरी से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पीड़ितों ने शीघ्र कार्रवाई कर आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है। पुलिस ने मुरारीलाल सैनी की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कलेक्टर के आदेश के बाद भी नहीं हट रहा बाजारों से अतिक्रमण

## खुले आम नगरपरिषद की लक्ष्मण रेखा लांघ रहे है दुकानदार



खैरथल! शहर के बाजारो में अतिक्रमण हटाने के लिए बार बार निवेदन करने के बाद जिला कलेक्टर ने नगरपरिषद खैरथल को कड़े आदेश दिये थे जिसकी नगरपरिषद ने पालना मे बाजार मे दुकानों के आगे लक्ष्मण रेखा खेंचते हुए दुकानदारों से अपील की थी कि इस लक्ष्मण रेखा के बाहर सामान रखा तो सामान जप्त के साथ जुमार्ना वसूला जाएगा! लेकिन लगभग 12 दिन बाद स्थिति ज्यो की त्यो है सामान लक्ष्मण रेखा के बाहर खुले आम रखा जा रहा है!

जिला कलक्टर के आदेशों की खुले मे धज्जियां उड़ रही है नगरपरिषद ने कोई ठोस कार्रवाई या किसी को दण्डित किया हो ऐसा संज्ञान में नहीं आया है!

# सीकर की घोराणा की ढाणी स्थित शीतल रेसीडेंसी का भव्य उद्घाटन

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो

सीकर।सीकर के घोराणा की ढाणी स्थित शीतल रेसीडेंसी का भव्य उद्घाटन किया गया। हॉस्टल के संस्थापक राकेश सैनी ने बताया कि इस रेजिडेंसी का उद्घाटन रुकंसर धाम शेरगढ़ आश्रम के संत शिरोमणि कैलाशनाथ महाराज गुलाबनाथ महाराज सालासर धाम के कमल पुजारी के कर कमलों से किया गया इस अवसर पे सीकर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे । महाराज जी ने फीता काटकर उद्घाटन



किया भक्तों द्वारा उन पे पुष्प वर्षा की गई सभी को आशीर्वाद दिया गया इस अवसर पे समाजसेवी संतोष जांगिड़ प्रियंका जांगिड़ सूरजभान भूरिया उपस्थित रहे

# पहलगाम हमले के विरोध में खेतड़ी में प्रदर्शन

## 26 निर्दोष लोगों की हत्या पर जताया रोष

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

झुंझुनूं। जिले के खेतड़ी में सर्व समाज ने पहलगाम आतंकी हमले का विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने समाजसेवी मनोज घुमरिया के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर आतंकियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि आतंकियों ने निहत्थे सैलानियों की हत्या कर अपराध किया है। इस हमले में 26 निर्दोष लोगों की जान गई। भामाशाह मनोज कुमार घुमरिया ने कहा कि पड़ोसी देश से होने वाली आतंकी घटनाओं पर प्रभावी कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि कुछ असामाजिक




तत्व आतंकियों को पनाह देते हैं। इसलिए राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में शामिल लोगों की पहचान कर कार्यवाही की जाए। प्रदर्शनकारियों ने पीड़ितों को दो मिनट का मौन रखकर मृतक पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी। प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा भारत सरकार से पीड़ितों को न्याय दिलाने की मांग की।इस दौरान कैलाश सैनी, बाल प्रसाद, मनोहर लाल सेन, रमेश मेघवाल, जगमोहन, मनीष कुमार, शिवलाल चौधरी, राजेंद्र कुमार, गोकुलचंद, मुमताज खान, शिवराम, वसीम कुरैशी, श्रीराम, ख्यालीराम, प्रवीण कुमार, रामौतार, नानूराम सैनी, सुल्तान, भींवाराम, हरदयाल, बुधराम, मुरारीलाल, राकेश कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

खिताब | पोंख कुश्ती दंगल में 5100 रुपए की अंतिम कुश्ती का खिताब

# गणेश्वर अखाड़ा के अनुज पहलवान ने रामावतार रोहतक को पछाड़कर अंतिम कुश्ती जीती

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

झुंझुनूं चंवरा। पोंख बगीची में अवस्थित जयरामदास आश्रम में महंत चरण दास महाराज के सानिध्य में मेला कमेटी द्वारा आयोजित कुश्ती दंगल में 5100 रुपए की अंतिम कुश्ती में अनुज पहलवान गोपाल अखाड़ा गणेश्वर और रामावतार रोहतक के बीच कड़ा मुकाबला हुआ जिसमें गणेश्वर अखाड़ा के अनुज पहलवान ने रामावतार रोहतक को पछाड़कर कुश्ती का खिताब जीता। मेला कमेटी ने कुश्ती के लिए 12000 रुपए खर्च किए जिनमे 7000 रुपए लक्ष्मण सिंह शेखावत ने मेला कमेटी को प्रदान



किए। मेला कमेटी द्वारा 1100 रुपए तक की कुश्ती करवाई गई। इसके बाद 1100 रुपए की तीन कुश्तियां ग्रामीण ताराचंद, मूलाराम और नरपत सिंह ने करवाई। तत्पश्चात 2100 रुपए की चार कुश्तियों सहित 5100 रुपए की अंतिम कुश्ती युवा नेता रविंद्र सिंह पोंख द्वारा करवाई गई। कुश्ती कोच मंगेज सिराधना भगेगा रहे। मेला कमेटी के सदस्यों ने कहा कि खेल और मेलों से आपसी भाईचारा बढ़ता है। खिलाड़ी हमेशा खेल को खेल की भावना से ही खेले। खेल में किसी भी प्रकार की द्वेषतानहीं रखनी चाहिए। इस दौरान लक्ष्मण सिंह शेखावत, युवा नेता रविंद्र सिंह पोंख ,गोपाल सिंह शेखावत, राजेंद्र सिंह, नेकी पहलवान, नरेंद्र पाल सिंह, सुभाष जांगिड़, बृजपाल सिंह, लक्की मीणा, किशोर सिंह, जितेंद्र सिंह, मंदीप सिंह, जगदीप सिंह,अजय सिंह, नरेंद्र सिंह, संग्राम सिंह, नरपत सिंह, लालचंद सोलेरा सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# मुठभेड़ में दो गौकशों को लगी गोली, दो अन्य गिरफ्तार

## कांधला क्षेत्र के ब्रहमखेडा के जंगलों में हुई गौकशी के मामले में वांछित थे गौकश




**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**कांधला।** ग्राम ब्रहमखेडा में जंगलों में तीन दिन पूर्व हुई गौकशी के मामले में पुलिस ने मुठभेड के बाद चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड में दो बदमाश घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से दो तंमचों के साथ गौकशी के उपकरण बरामद किए है। गांव ब्रहमखेडा निवासी वीरसैन शनिवार को अपने खेतों में कार्य करने के लिए गया था। कार्य करने के दौरान दुर्गन्ध फैली होने से किसान व उसके साथ कार्य कर रहे लोगों को परेशानी हुई तो उन्होंने खेत के अंदर जाकर देखा तो खेत के अंदर एक गौवंश का सर व अन्य अवशेष मौके पर पडे थे। जिसकी सूचना वीरसैन ने अपने परिजनों के साथ ग्रामीणों को दी थी। मामले की सूचना पुलिस को दी गई, सूचना पर मौके पर पुलिस ने पहुंच कर ग्रामीणों से मामले की जानकारी ली, इसी दौरान हिन्दू संगठन के लोगों के पहुंचने पर एक बार मामला तनाव पूर्ण हो गया था। हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता अमित, सुमित, संजीव, सर्वेश गिरी निवासी शामली ने पुलिस को संयुक्त रूप से घटना के संबंध में अज्ञात गौ हत्यारे विरुद्ध मामला पंजीकृत कराया था। मामले में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए रविवार की देर रात्रि मुखबिर की सूचना पर खन्द्रावली ठेके वाली नहर की पुलिया पर गौकशी करने के इरादे से खडे चार लोगों को आवाज दी तो उसी समय उन्होंने पुलिस पार्टी के ऊपर फायर कर दिया। पुलिस की जबाबी कार्यवाही में दो बदमाशों के पैरों में गोली लग जाने के कारण बाकी बचे साथियों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पकडे गए बदमाशों ने अपना नाम तौसीफ पुत्र अरशद व शोयब पुत्र तौफीक निवासी मौहल्ला छडियान कस्बा कैराना, समीर पुत्र हसन ग्राम खन्द्रावली तथा जीतू उर्फ सागर पुत्र बलजौर निवासी ग्राम रसूलपुर गुजरान बताया। मुठभेड के दौरान पुलिस की गोली से तौसीफ व शोयब घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। वही पुलिस ने आरोपियों के पास से दो तंमचे, दो जिंदा कारतूस, दो खोका कारतूस व गौकशी के उपकरण बरामद किए है। पकडे गए चारों आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी थाना कांधला व कैराना में अभियोग पंजीकृत है। पुलिस ने डाक्टरी परीक्षण के बाद अभियुक्तों को जेल भेज दिया है।

## जनपद में निषेधाज्ञा लागू, उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

शामली। बुद्ध पूर्णिमा व आगामी त्यौहारों को देखते हुए डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने जनपद में निषेधाज्ञा लागू कर दी है। डीएम ने चेतावनी दी कि निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। निषेधाज्ञा के दौरान कोई भी व्यक्ति या संगठन ऐसा कोई भी कार्यक्रम आयोजित नहीं करेगा जिससे किसी भी धर्म, जाति, सम्प्रदाय के व्यक्तियों का ठेस पहुंचे, इसके अलावा सोशल मीडिया पर भी किसी के खिलाफ कोई अपमानजनक टिप्पणी नहीं करेगा, ऐसे लोगों के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने बताया कि कोई भी व्यक्ति जनपद में भीड, घेराव आदि नहीं कर सकेगा, लोक शांति को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ भी कडी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी संगठन अथवा व्यक्ति को कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर या आसपास जुलूस, धरना अथवा भीड एकत्रित नहीं करने दिया जाएगा।

# बलवा में एक ही रात में दो मकानों में लाखों की चोरी

## दो घरों को बनाया निशाना, नकदी, सोने-चांदी के जेवरात चोरी, पुलिस, फोरेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड ने की जांच



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**शामली।** जिले में चोरियों की वारदात थम नहीं रही है। रविवार की रात क्षेत्र के गांव बलवा में अज्ञात चोरों ने दो घरों को निशाना बनाते हुए हजारों की नकदी व लाखों रुपये कीमत के सोने चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। घटना से परिवारों में हडकंप मच गया। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची तथा मामले की जानकारी ली। फोरेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड ने भी मौके पर पहुंचकर चोरों के सुराग तलाशे। वहीं चोरी की घटना से ग्रामीणों में भी रोष नजर आया। जानकारी के अनुसार जिले में चोरों ने अपना आतंक मचा रखा है लेकिन पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है। पुलिस की लापरवाही के चलते चोर आए दिन किसी न किसी घर में चोरी की वारदात कर रहे हैं लेकिन पुलिस आज तक चोरों को पकडने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है। रविवार की रात भी अज्ञात चोरों ने क्षेत्र के गांव बलवा में दो मकानों को अपना निशाना बनाया। अज्ञात चोर बलवा के होली चौंक निवासी कर्णसिंह के घर में घुस गए तथा अलमारी मे रखी सोने की आठ अंगूठी, 4 गले के सैट, दस जोडी पाजेब, एक जोडी कानों के कुंडल, सोने का गले के ओम, एक घडी व तीन हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली तथा फरार हो गए। इसके बाद चोरों ने गांव के ही रकम सिंह के घर पर धावा बोला। रकम सिंह अविवाहित है जो गांव में अकेला रहता है जबकि उसके अन्य भाई बाहर रहते हैं। बीती रात अज्ञात चोर घर में घुस गए तथा वहां से 20780 रुपये की नकदी, सोने की अंगूठी, करीब 70 हजार रुपये का नया कपडा चोरी कर लिया। सुबह करीब 4 बजे जब रकम सिंह सोकर उठा तो मकान का दरवाजा खुला मिला और घर में सामान अस्त-व्यस्त देखकर उसने शोर मचाया जिस पर अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे। पता चला कि चोरों ने एक ही रात में दो घरों में चोरी की वारदात की है। परिजनों की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची तथा मामले की जानकारी ली।
वहीं फोरेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड ने भी मौके पर पहुंचकर चोरों के सुराग तलाशे। बाद में पीडितों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने जल्द ही चोरी का खुलासा करने का आश्वासन दिया है। चोरी की वारदात से ग्रामीणों में भी रोष दिखाई दिया। गौरतलब है कि गांव बधेव में भी अज्ञात चोरों ने एक मकान में घुसकर लाखों की चोरी की वारदात को अंजाम दिया था, पुलिस अभी तक इस मामले का खुलासा नहीं कर पायी है।

# यमुना में डूबे युवक का शव बरामद, दो की तलाश

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**कैराना।** मित्रों व स्वजन के साथ स्नान के लिए आए पानीपत के आए तीन युवक नहाते समय नदी में डूब गए थे। गोताखोरो की टीम सर्च अभियान में जुटी है। चौबीस घंटे बाद उन्नीस वर्षीय श्यामू का शव बरामद हुआ हैं। दो अन्य की खोज के लिए तलाश जारी हैं। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे से मृतक के परिवार में हाहाकार मचा हुआ है। गत रविवार को पानीपत के वार्ड संख्या 12 की वीरनगर कालोनी निवासी चौबीस वर्षीय राकेश, तीस वर्षीय पिंटू व उन्नीस वर्षीय श्यामू अपने मित्रों व स्वजन के साथ में यमुना में नहाने के लिए आए थे। वह हरियाणा की ओर स्थित पुल से दूर यमुना में नहाने लगे। वहां पर कुछ अन्य लोग भी स्नान कर रहे थे। इसी दौरान तीनों यमुना के गहरे कुंड में डूबने गए थे। युवकों को डूबता देख बाहर बैठे सूरज, राजेश व अजय ने उन्हें डूबता देख शोर मचा दिया। लेकिन वह गहरे पानी में समा गया। सूचना पर यमुना ब्रिज पुलिस चौकी पुलिस को सूचना दी गई, जिस पर चौकी पर तैनात पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। वहीं सीओ जितेंद्र कुमार व अपराध निरीक्षक कमल किशोर पुलिस कर्मियों ने आसपास के गांवों से निजी गोताखोरों को मौके पर बुलाया और यमुना में डूबे युवको की तलाश शुरू कराई। सोमवार की सायं चार बजे तलाश के बाद श्यामू के शव को यमुना से बरामद कर लिया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं गोताखोरों की टीम राकेश व पिंटू की तलाश में जुटी है।

## संक्षेप समाचार :

### फायरिंग की घटना में वांछित दो आरोपियो को किया गिरफ्तार

कैराना। पुलिस ने मन्नामाजरा में दो पक्षों में एक दूसरे पर जान से मारने की नियत से एक राय होकर अवैध हथियार से फायरिंग, मारपीट करने के मामले के वांछित दो आरोपियो को गिरफ्तार किया। गत एक मई को गांव मन्नामाजरा में दो पक्षो में हुई घटना में पुलिस ने सत्रह नामजद व कुछ अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। सोमवार को कोतवाली पुलिस ने दोनो पक्षों पर जान से मारने की नियत से एक राय होकर अवैध हथियार से फायरिंग मारपीट करने के मामले में वांछित आरोपित रिजवान पुत्र इस्लाम व राकिब पुत्र हारुण निवासी ग्राम मन्ना माजरा को गिरफ्तार कर जिला कारागार भेजा।

### तमंचे सहित आरोपी गिरफ्तार

कैराना। पुलिस ने आरोपी को तमंचे व कारतूस सहित गिरफ्तार किया। कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक यशवीर सिंह राणा,हेडकास्टेबल यतेन्द्र भारद्वाज व कास्टेबल सोनू भाटी के साथ नगर के बाईपास पर चेकिंग अभियान चला रहे थे। इस दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति आता दिखाई दिया। पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान उसके कब्जे से एक तीन सो पंद्रह बोर का अवैध तमंचा व एक कारतूस बरामद किया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम व पता शहनवाज पुत्र मिजामुदीन निवासी भारतनगर कालोनी थाना किला जनपद पानीपत हरियाणा बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

# माता की प्रतिमा की स्थापना दिवस यज्ञ और भंडारे का आयोजन



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**कांधला।** नगर में मनकामेश्वर महादेव दुर्गा मंदिर में माता की प्रतिमा की स्थापना दिवस यज्ञ और भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान नगर क्षेत्र के श्रद्धालु भारी संख्या में सम्मिलित रहे। अनुष्ठान पूर्ण होने पर श्रद्धालुओं को भंडारे का प्रसाद वितरण किया गया। नगर के पूर्वी यमुना नहर स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ मनकामेश्वर महादेव एवं दुर्गा मंदिर समिति के तत्वधान में माता दुर्गा की प्रतिमा स्थापना के दिवस को जन्मोत्सव के रूप में मनाया गया। मंदिर प्रांगण में पंडित सुरेंद्र शर्मा द्वारा का आयोजन किया। माता दुर्गा की विशेष पूजा अर्चना करने के पश्चात मंगल आरती कर वह अर्पित किया गया। यज्ञ अनुष्ठान संपूर्ण होने के बाद मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें नगर क्षेत्र के सैकड़ो श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर कमेटी के प्रबंधक एडवोकेट सचिन कुमार गोयल ने बताया कि प्रतिवर्ष माता दुर्गा की प्रतिमा स्थापना के उपलक्ष में यज्ञ और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस उपलक्ष में सोमवार को मंदिर प्रांगण में यज्ञ और भंडारे का आयोजन कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान मांगेराम कश्यप, संजीव कुमार आडवाणी, नीटू चावला, राजेंद्र, विपिन, ईश्वर दयाल कंसल, गुलशन खन्ना, अंकुर, सहित सैकड़ो श्रद्धालु कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर गोष्ठी का आयोजन

शामली। भाजयुमो द्वारा सोमवार को गढीपुख्ता स्थित स्वामी विवेकानंद कालेज में एक राष्ट्र एक चुनाव के संबंध में गोष्ठी का आयोजन किया गया। भाजयुमो प्रदेश महामंत्री ने एक राष्ट्र एक चुनाव के फायदों की जानकारी दी। सोमवार को कालेज में आयोजित गोष्ठी की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रोहित विश्वकर्मा व संचालन जिला महामंत्री अक्षय चौहान, नंदू राणा ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजयुमो के प्रदेश महामंत्री वरूण गोयल ने एक राष्ट्र एक चुनाव के विषय में जानकारी देते हुए इसके फायदे भी बताए। उन्होंने कहा कि देश को एक राष्ट्र एक चुनाव की बहुत आवश्यकता है, सरकार की प्रशासन मशीनरी व धन का बहुत दुरुपयोग देश के विभिन्न चुनाव में होता है देश को अब एक राष्ट्रीय एक चुनाव की प्रणाली पर आना होगा। कार्यक्रम मे एक राष्ट्र एक चुनाव पर सहमति मांगते हुए सभी से एक मत के लिए आग्रह किया वह सभी ने अपना समर्थन देते हुए हस्ताक्षर करे।

# युवक पर कुल्हाडी से हमला करने वाला आरोपी फरार

## एसपी ने पीड़ित परिवार से मिलकर शीघ्र कार्रवाई का दिया आश्वासन



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**चौसाना।** गांव टोडा में रविवार सुबह युवक पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर उसे घायल करने की घटना से सनसनी फैल गई। देर शाम एसपी शामली रामसेवक गौतम मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। हालांकि घटना के छत्तीस घंटे बाद भी चौसाना पुलिस आरोपी को पकड़ने में नाकाम रही है। जानकारी के अनुसार रविवार सुबह करीब नौ बजे गांव निवासी सरफराज अपने मोहल्ले के चबूतरे पर एक बालक के साथ बैठा था। इसी दौरान गांव का ही गौतम हाथ में कुल्हाड़ी लेकर वहां पहुंचा और सरफराज पर ताबड़तोड़ वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल सरफराज को ग्रामीणों की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से डॉक्टरों ने उसकी नाजुक हालत को देखते हुए मेरठ रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पीड़ित के पिता इकबाल की ओर से दी गई तहरीर पर पुलिस ने आरोपी गौतम के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर लिया है। रविवार देर शाम एसपी शामली रामसेवक गौतम गांव पहुंचे और पीड़ित परिवार से मिलकर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। उन्होंने परिवार को भरोसा दिलाया कि दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद एसपी चौसाना पुलिस चौकी पहुंचे और थानाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा व चौकी प्रभारी ज्ञानेन्द्र सिंह से मुलाकात कर मामले की गंभीरता को देखते हुए शीघ्र खुलासे के निर्देश दिए। हालांकि छत्तीस घंटे बाद भी आरोपी पुलिस गिरफ्त से दूर है। थानाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने बताया कि गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए दो पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास लगातार किए जा रहे हैं और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बोर्ड बैठक में शांति बनाए रखने को पुलिस की तैनाती की मांग

शामली। नगर पालिका के वार्ड सभासदों ने मंगलवार को नगर पालिका में होने वाली बोर्ड बैठक में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की व्यवस्था कराए जाने की मांग की है। नगर पालिका के वार्ड सभासदों निशिकांत संगल व अनिल कुमार उपाध्याय ने कलेक्ट्रेट में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि मंगलवार को नगर पालिका में बोर्ड बैठक का आयोजन किया जाएगा। सभासदों ने आरोप लगाया कि नगर पालिका अध्यक्ष कुछ सभासदों को उकसाकर उन सभासदों के साथ वाद विवाद कराया जाता है जो अनियमित कार्यों एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ उठाने का काम करते है। उन्होंने बोर्ड बैठक को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस की व्यवस्था कराने, बोर्ड बैठक में शासनादेश के अनुसार सभासद ही प्रतिभाग करे न कि सभासद पति, बोर्ड बैठक की वीडियोग्राफी कराई जाए, बोर्ड बैठक में प्रशासनिक अधिकारी की उपस्थिति निश्चित की जाए ताकि सभासद अपने वार्डों की समस्याओं से अवगत करा सके।

# किक बाक्सिंग चैम्पियनशिप में खिलाडियों ने जीते मैडल




**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**शामली।** शामली मार्शल आर्ट एकादमी में सोमवार को एक दिवसीय जिला स्तरीय किक बाक्सिंग चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया। चैम्पियनशिप के मुख्य अतिथि किक बाक्सिंग एसोसियेशन आफ उत्तर प्रदेश के कोषाध्यक्ष सुशील कौशल व सहारनपुर जिला किक बाक्सिंग एसोसियेशन के सचिव मनोज प्रजापति रहे। प्रतियोगिता में अलग-अलग एकादमी व स्कूलों से लगभग 60 बच्चों ने भाग लिया। शामली जिला एमेच्योर किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव सोनू सैनी ने बताया कि प्रतियोगिता में शुभम निर्वाल,आदित्य भाल, दीपा, सैफ अली, प्रिंस शर्मा, राम कौशिक, कृष वालिया, वेदांत कौशिक, मरियम खान खुशी, संयम, अनुराग सैनी, अनुष्का शिवि, भव्यम जैन आदि खिलाड़ियों ने गोल्ड मैडल जीतकर जनपद का नाम रोशन किया। उन्होंने बताया कि विजेता खिलाड़ियों का चयन आगामी आने वाली उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय किक बॉक्सिंग चौंपियनशिप के लिए हो गया है।

## कार में तोडफोड को लेकर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो शामली।** शहर के मौहल्ला पंसारियान में युवक की गाडी में शरारती तत्वों द्वारा की गयी तोडफोड के मामले में पीडित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मौहल्ला पंसारियान निवासी नबी चौधरी की आल्टो कार में विगत रात मौहल्ले के ही कुछ शरारती तत्वों ने तोडफोड कर दी थी, जब नबी चौधरी ने युवकों का विरोध जताया तो उन्होंने उसके साथ दुर्व्यवहार किया। जिसके बाद पीडित युवक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

**आवश्यकता है**
दैनिक नेशनल प्रेस टाइम्स में शामली थानाभवन जलालाबाद झिंझाना बिडौली ऊन चौसाना बाबरी गढ़ी पुख्ता एलम बनत आदि स्टेशनों पर रिपोर्टरो की आवश्यकता है
इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें
**आदिल राणा**
जिला प्रभारी शामली
91-9082190000,
91-9997173786

# पहलगाम आतंकी हमले में मृतकों को दी श्रद्धांजलि

## सेंट आरसी स्कूल द्वारा शोकसभा का आयोजन, आतंकवादियों पर कार्रवाई की मांग की

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**शामली।** शहर के सेंट आरसी स्कूल द्वारा पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए 26 पर्यटकों के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए शोकसभा का आयोजन किया गया जहां पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।
जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 पर्यटकों की मौत से पूरे देश में गम का माहौल है। इस आतंकी हमले में शहर के सेंट आरसी स्कूल की शिक्षिका वैशाली के भाई लेफ्टिनेंट जनरल विनय नरवाल भी शहीद हुए हैं जिससे स्कूल में भी शोक छाया हुआ है। सोमवार को स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं व छात्र-छात्राओं द्वारा स्कूल में आतंकी हमले में शहीद लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। स्कूल मैनेजर मीनू संगल ने कहा कि पूरा विश्व इस नरसंहार से अत्यंत आहत एवं आक्रोशित है, यह सिर्फ व्यक्तियों पर हमला नहीं बल्कि पूरी मानवता एवं शांति और आस्था के सिद्धांतों पर हमला था। जिन लोगों ने यह हमला किया है और जिन्होंने इस हमले की साजिश रची है, उन्हें उनकी कल्पना से भी अधिक कड़ी सजा मिलनी चाहिए जिससे कि भविष्य में इस प्रकार की आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने से पहले आतंकवादी दस बार सोचे। प्रधानाचार्या उज्मा जैदी ने कहा कि हमारे देश में पनप रहे इस आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए सरकार को एक अहम व मजबूत रणनीति बनानी चाहिए। आतंकवाद एक गंभीर समस्या है जिसका सामना पूरा विश्व कई वर्षों से कर रहा है। इसके बाद सभी छात्र-छात्राएं व शिक्षक शिव चौंक स्थित नेताजी की प्रतिमा स्थल पर पहुंचे जहां कैंडल जलाकर पहलगाम आतंकी हमले में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए शोक संवेदना व्यक्त की



## डीएम ने किया वेयरहाउस का निरीक्षण

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**शामली।** डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने सोमवार को वेयरहाउस में ईवीएम, वीवीपैट के भंडारण एवं सुरक्षा का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन आदि भी मौजूद रहे।

# चौसाना में श्रम विभाग ने लगाया जागरूकता कैंप, सैकड़ों श्रमिकों ने कराया पंजीकरण



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**चौसाना।** ग्राम पंचायत चौसाना परिषद के सभागार में सोमवार को श्रम विभाग की ओर से एक दिवसीय जागरूकता एवं पंजीकरण कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का शुभारंभ श्रम विभाग के कर्मचारियों और ग्राम पंचायत चौसाना के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से किया। सैकड़ों श्रमिकों ने सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने के लिए पंजीकरण कराया। सहायक श्रम आयुक्त अंचला पांडे के निर्देश पर लगाए गए इस कैंप में श्रम विभाग के सहायक कर्मचारी, ग्राम पंचायत सचिव राहुल कुमार, अधिकारी सुरेश कुमार गौतम, कर्मचारी अटल सिंह और रितु ने उपस्थित श्रमिकों को उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। कर्मचारियों ने बताया कि श्रमिकों को श्रमिक पंजीकरण के साथ ही ए-श्रम कार्ड बनाने और प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना का लाभ दिलाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। कैंप में मौजूद श्रमिकों को सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य बीमा, दुर्घटना बीमा, मातृत्व लाभ योजना समेत कई अन्य योजनाओं की जानकारी भी दी गई। गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए श्रमिकों को लू और हीट वेव से बचाव के उपाय भी बताए गए। अधिकारियों ने श्रमिकों से अपील की कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में पंजीकरण कराएं ताकि सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ उन्हें मिल सके। कार्यक्रम में पुरुष एवं महिला श्रमिकों ने भाग लिया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की जागरूकता रैली को जिला जज ने दिखाई हरी झंडी

## आगामी 10 मई को न्यायालय परिसर में आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**कैराना।** आगामी 10 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार वाहनों को जनपद न्यायाधीश ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जागरूकता रैली पूरे जनपद में घूमकर लोगों को लोक अदालत के आयोजन के प्रति जागरूक करेगी,जिससे ज्यादा से ज्यादा मामलों का निपटारा किया जा सके। सोमवार की प्रातः जनपद न्यायाधीश विकास कुमार ने न्यायालय परिसर से राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार- प्रसार हेतु पुलिस वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान समस्त न्यायिक अधिकारीगण व अधिवक्तागण उपस्थित रहे। बता दें कि आगामी 10 मई को न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है,जिसके सफल आयोजन हेतु जागरूकता रैली निकाली गई है। जिससे राष्ट्रीय लोक अदालत में सम्मलित होकर वादकारी ज्यादा से ज्यादा अपने-अपने मामलों का निपटारा करा सकें। जनपद न्यायाधीश विकास कुमार ने बताया कि आगामी 10 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदलत की तैयारियां जोर शोर से जारी हैं।आज जागरूकता के लिए वाहनों को भेजा गया है। इस दौरान लंबित वादों में लोगों को लाभ मिलेगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में कोर्ट में लंबित सभी आपराधिक सुलहनीय वाद, बैंक ऋण वाद, चेक बाउंस वाद, क्लेम,माप तौल,बाल श्रम व परिवारिक वाद आदि मामलों में आपसी सुलह के आधार पर निपटारा कराया जाएगा।राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्देश्य लोगों को अनावश्यक धन व समय का बचाओ होगा और परेशानी का हमेशा के लिए तत्काल मुक्ति दिलाना है। इस दौरान बार अध्यक्ष सहित अन्य अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# रांची कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु कांग्रेस की हुई बैठक, की चर्चा

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), बीते सोमवार 28 अप्रैल 2025 को पाकुड़ कांग्रेस कार्यालय में आयोजित बैठक के बतौर मुख्यातिथि प्रदेश उपाध्यक्ष सह- पाकुड़ जिला प्रभारी सुल्तान अहमद एवं पाकुड़ पर्यवेक्षक अशोक दास ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित किया। आयोजित बैठक में आगामी 3 मई 2025 को रांची में होने वाली कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली की तैयारियों की समीक्षात्मक चर्चा के साथ पाकुड़ से अधिक संख्या में कार्यकताओं की भागीदारी सुनिश्चित की मुद्दे ले आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। श्रीकुमार सरकार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक



में संविधान बचाओ कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु उपस्थित कांग्रेसियों ने अपनी आवाज बुलंद की। साथ ही वही बतौर मुख्यातिथि सुल्तान अहमद ने बैठक में उपस्थित कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह रैली संविधान की रक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैलियां 3 मई से 10 मई तक, विधानसभा स्तरीय संविधान बचाओ रैलियां 11 मई से 17 मई तक , घर-घर सम्पर्क अभियान 20 मई से 30 मई तक, जनता के साथ घरेलू स्तर पर संघवाद स्थापित करना होगा। इसमें पाकुड़ जिले से अधिक से अधिक संख्या में कार्यकताओं की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने कार्यकताओं से रैली को सफल बनाने के लिए एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया मौके पर प्रखण्ड अध्यक्ष मानसारुल हक, ए. गांगुली, सेमीनुल इसलाम, जिला परिषद सदस्य मंजुला हसदा, गुलाम अहमद, मिस्टर शेख, शाहीन परवेज, बेलाल शेख गुलाम रसुल अन्य समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# डीपीआरओ ने की विकास कार्यों की समीक्षा बैठक, दिया निर्देश

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), बीते सोमवार को जिला पंचायत राज पदाधिकारी सह- जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी प्रीतिलता मुर्मू की अध्यक्षता में अमड़ापाड़ा प्रखण्ड सभागार में पंचायती राज विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में जिला पंचायत राज पदाधिकारी ने 15 वें वित्त आयोग अन्तर्गत व्यय राशि, पंचायत सचिवालय सुदृढ़ीकरण योजना का उपयोगिता प्रमाण पत्र, आदर्श पंचायत सचिवालय, बायोमैट्रिक उपस्थिति, जलमीनार/ चापाकल की मरम्मती, टैंकर क्रय एवं संचालन की स्थिति,



विद्यालय/ आगंबाड़ी केन्द्रों में हैंडवाश यूनिट का निर्माण, विद्यालय/ आंगनबाड़ी केंद्र/ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ?क्रियाशील शौचालय की उपलब्धता, विद्यालय/ आगंबाड़ी केन्द्रों में वाटर फिल्टर का अधिष्ठापन एवं रॉयल्टी डीएमएफटी / लेबर सेस की समीक्षा कर पदाधिकारियों एवं मुखिया को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उक्त बैठक में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अमड़ापाड़ा प्रमोद गुप्ता, प्रभारी प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकारी जिल्लूर रहमान, कनीय अभियंता, सहायक अभियंता, सभी मुखिया, पंचायत सचिव एवं अन्य उपस्थित थे।

# कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए सामूहिक भागीदारी जरूरी- डीसी

**एनपीटी ब्यूरो**

लातेहार ( झा०खं०), उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में सोमवार को जिला समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिले में चल रही कल्याणकारी योजनाओं छात्रवृत्ति व पोशाक योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, पीएम- जनमन, सड़क निर्माण, मनरेगा के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के संचालन, प्रधानमंत्री आवास, पशु शेड निर्माण, समाज कल्याण, ग्रामीण कार्य विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, पथ प्रमंडल, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, विद्युत आपूर्ति विभाग समेत अन्य विभागों से संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त ने सभी सम्बन्धित पदाधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए योजनाओं का सफल क्रियान्वयन करने में आ रही बाधाओं को दूर करते हुए योजना का क्रियान्वयन करते हुए विकास के कार्यों को गति प्रदान करने की बात कही। विकास योजना के समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने निमार्णाधीन सीएचसी, आंगनबाड़ी समेत अन्य निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए निर्धारित समय पर गुणवत्तापूर्ण कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया। कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति को सीएचसी, आंगनबाड़ी केन्द्रों में आवश्यकता के अनुसार विद्युतीकरण करने का निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में जनसेतु एप्प पर रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने पोशाक एवं छात्रवृत्ति योजना से छात्रों को समय पर लाभान्वित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि योजनाओं के अंतर्गत शेष बचे लंबित आवेदनों का निष्पादन जल्द हो। बैठक में लघु सिंचाई विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, पथ प्रमंडल, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, विद्युत आपूर्ति विभाग, वन प्रमंडल, नगर पंचायत, जेएसएलपीएस, समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग समेत अन्य विभागों की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई और लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धियों की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ सभी योग्य लाभुकों तक ससमय पहुंचे इसे सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने कहा कि सरकार की ओर से स्वीकृत सभी योजनाओं को समय पर धरातल पर उतारना पदाधिकारियों की जिम्मेवारी है। इसमें सभी पदाधिकारी अपने स्तर से गुणवत्तापूर्ण कार्य करना सुनिश्चित करें। इस मामले में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी विभागों को आपस में समन्वय स्थापित कर योजनाओं का सही क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, पंचायती राज पदाधिकारी श्रेयांश, , जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/ अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

# पुलिस ने 4 घंटे में लापता लड़की को किया बरामद

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ मालपहाड़ी ओपी थाना पुलिस ने लापता हुए लड़की को महज 4 घंटे के अन्तराल अवधि में ही बरामद कर लिया है। दरअसल मालपहाड़ी ओपी थाना क्षेत्र के बरहबाद निवासी एक व्यक्ति ने अपनी पुत्री की गुमशुदगी की तहरीर मालपहाड़ी ओपी थाना प्रभारी अंशू कुमार उपाध्याय के समक्ष पेश किया। वही थाना प्रभारी अंशू कुमार उपाध्याय ने अग्रेत्तर कारवाई करते हुए लापता हुए पुत्री की पिता के लिखित तहरीर के आधार पर अपनी पुलिस टीम के साथ विभिन्न स्रोतों व तकनीकी अन्य सहयोग से अनुसंधान एवं जांच-पड़ताल एवं तलाशी शुरू की। और अन्ततः महज चार घंटे के अन्तराल अवधि में ही पुलिस टीम के द्वारा बराहबाद निवासी व्यक्ति की लगभग 19 वर्षीय पुत्री को सकुशल बरामद कर उन्हें जिम्मेनामा सौंपा गया।

# बेलाल शेख को बुके भेंट कर मानसारुल हक एवं गुलाम अहमद ने किया सम्मानित

**एनपीटी ब्यूरो**



पाकुड़ जिला कांग्रेस कार्यालय में नवनिर्वाचित युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष बिलाल शेख को जिला कांग्रेस कमिटी के विधायक प्रतिनिधि गुलाम अहमद एवं पाकुड़ प्रखण्ड सह- 20 सूत्री अध्यक्ष मनसारुल हक ने बुके देकर सम्मानित किया। साथ ही नसीम आलम, जलालुद्दीन शेख ने भी सम्मानित किया। वही बेलाल शेख ने बताया कि कांग्रेस के झारखण्ड प्रदेश युवा कमिटी के आलाकमान ने जिस लक्ष्य के सापेक्ष इस दायित्व को सौंपा है, निश्चित रूप से धरातल पर दिखेगा।

# मनरेगा कर्मी आज रहेंगे अवकाश पर, कई माह का नहीं मिला वेतन

**एनपीटी ब्यूरो**



पाकुड़ (झा०खं०), झारखण्ड मनरेगा कर्मचारी संघ के पाकुड़ जिला इकाई के द्वारा बीते दिनों हुई सहायक अभियंता श्याम दत्त शुक्ला के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया। इकाई ने कहा कि इस वक्त हम मनरेगा कर्मी परिवार शोकाकुल है और बतौर कर्मी सभी तरह की सुविधाओं से वंचित हैं। मनरेगा इकाई पाकुड़ के द्वारा सभी तरह की सुविधाओं से वंचित होने की बातों का उल्लेख करते हुए कहा कि करीब 4 माह से प्रखण्ड पाकुड़ एवं अमरपाड़ा तथा अन्य प्रखण्ड का 3 माह से मानदेय का भुगतान नहीं मिला है और कार्य का दबाव भी अधिक है। इस तपती धूप में कोई कर्मी सुबह भी काम करना चाहे तो नहीं कर पता है। क्योंकि उसकी निगरानी गठित पीएमयु सेल के चतुर्थवर्गीय कर्मियों के द्वारा पूर्वाह्न 10:00 बजे से 5:00 अपराह्न के बीच की जाती है। मनरेगा इकाई ने कहा कि कई मनरेगा कर्मी भी प्रतिदिन 8 घंटे चेकनाका में कार्य करने के बाद अपने मूल दायित्व को निभाने में असमर्थ हो जाता है। साथ ही मूल कार्य करने के लिए कहने पर उनका मानसिक तनाव बढ़ने लगता है। झारखण्ड मनरेगा कर्मचारी संघ के पाकुड़ इकाई ने मनरेगा आयुक्त, झारखण्ड को अपनी मांग पत्र प्रस्तुत करते हुए शोकाकुल परिवार के लिए 29 अप्रैल 2025 को एक दिवसीय अवकाश में रहने की निर्णय लिया है। इस संदर्भ में पाकुड़ मनरेगा कर्मियों ने उपायुक्त, पाकुड़ के नाम डीडीसी, पाकुड़ को भी ज्ञापन सौंपा है। वही मनरेगा कर्मियों ने हताशा महसूस करते हुए कहा कि लगभग 15 सालों से कार्य कर रहे हैं और अभी तक अनुकंपा के आधार पर आश्रितों को बहाली करने का कोई प्रावधान नहीं है। अजीत कुमार टुडू ने सहायक अभियंता श्याम दत्त शुक्ला के आकस्मिक निधन पर शोक प्रकट करते हुए कहा कि उनका निधन हमारे हृदय को झकझोर कर दिया है। इस दुःख की घड़ी में मनरेगा कर्मी शोकाकुल परिवार के साथ तो है ही, लेकिन आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर बहाली होने की विकल्प न होने को ले मनरेगा कर्मी चिंतित है। जिस पर सरकार को गंभीरता से चिंतन करना चाहिए।

# स्कूलों में चलाया गया सड़क सुरक्षा सम्बन्धित जागरूकता अभियान

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), जिला परिवहन पदाधिकारी पाकुड़ के निदेर्शानुसार सड़क सुरक्षा सदस्यों के द्वारा हरिणडांगा हाई स्कूल पाकुड़ में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। स्कूल में जागरूकता अभियान के दौरान लगभग 150 छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय के शिक्षकों को बताया गया कि वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के इस्तेमाल से कैसे सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है और अपनी व यातायात का उपयोग कर रहे अन्य व्यक्तियों के जान की रक्षा की जा सकती है। सड़क सुरक्षा के सदस्यों ने वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करना कितना खतरनाक हो सकता है, रोड क्रॉस करने एवं अन्य के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्होंने अपील किया कि वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग ना करें और सीट बेल्ट का प्रयोग करने हेतु परिवार एवं छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को प्रेरित करें। जागरूकता अभियान के क्रम में यातायात नियम का कड़ाई से पालन करने के लिए सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के बीच शपथ ग्रहण करवाया गया। उन्होंने कहा ऐसी गलती न करें और कड़ा रुख अपना कर अपने परिवार को भी सुरक्षा का पाठ पढ़ाये। साथ ही उन्हें भविष्य में सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा इन सबको देखते हुए सभी तरह के नियमों का पालन नियमित रूप से किया जाएं तो भविष्य उज्जवल हो सकती है इसके साथ हिट एंड रन एव गुड समरितन के बारे मे बतलाया गया। इसके साथ ही सड़क सुरक्षा के द्वारा सड़क सुरक्षा सम्बन्धित पुस्तिका एवम पैंपलेट सभी छात्र एवम छात्राओ को बांटा गया। ऋड्ढड्ढ रें१ ३ल्ल के बारे में अवगत कराया गया, जैसे मोटरवाहन जनित सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की सहायता करने के उद्देश्य से गोल्डन Hour अस्पताल पहुचाने में वाले नेक व्यक्ति (Good SÔmÔritÔ»»f) को प्रोत्साहित करने हेतु 2,000/-(दो हजार) रुपए मात्र नगद के साथ प्रशस्ति पत्र प्रदान करने की योजना लागू है। इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ इसके प्रति जागरूक किया। ताकि किसी भी व्यक्ति के सड़क दुर्घटना के क्रम में घायल व्यक्ति को एक घंटा के अंदर (गोल्डन ऑवर में) अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को पांच हजार रुपए की पुरस्कार राशि एवं प्रशस्ति पत्र दिये जाने का प्रावधान किया गया है।इसके अलावे दुर्घटना से पीड़ित व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले अस्पताल में अपना नाम दर्ज कराएं, ताकि चिकित्सक प्रमाणित कर सके कि घायल व्यक्ति को किसने मदद की है। उस मददकर्ता को गुड सेमेरिटन के तहत 2,000 रु एवं प्रशस्ति पत्र दी जा सके। साथ ही सड़क हादसों में मृत्यु दर को कम करने के उदेश्य से लोगों को इस संशोधित अधिनियम की ज्यादा से ज्यादा जानकारी प्रदान की जा सके और लोग एक दूसरे को इसके प्रति जागरूक कर सके। इसके अलावे हिट एंड रन के बारे में बिस्तर पूर्वक बतलाया गया। किसी अज्ञात वाहन से दुर्घटना घटित होने पर 2,00000(दो लाख ) एवं गंभीर रूप से घायल होने पर 50,000 (पचास हजार) का प्रावधान है। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा प्रबंधन रितेश कुमार सिंह,रोड इंजीनियर एनालिस्ट मोहम्मद अजहद अंसारी ,विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्रीनिवास प्रसाद एवं शिक्षक गण शामिल थे।

# टैंकर से जरूरतमंद ग्रामीणों को उपलब्ध कराया जा रहा है पीने का पानी

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ जिले के लिट्टीपाड़ा प्रखण्ड क्षेत्र के सभी गांवों में ग्रीष्म ऋतु में तपती धूप और भीषण गर्मी में पेयजलापूर्ति के लिए15 वें वित्त आयोग अन्तर्गत पानी का टैंकर खरीदारी की गई है। ग्राम पंचायत में उपलब्ध उक्त टैंकर से कुंजबोना ग्राम पंचायत के पहाड़ी क्षेत्र में जरूरतमंद के ग्रामीणों को पीने का पानी उपलब्ध कराया गया। जिससे ग्रामीणों में काफी खुशी देखी जा रही है और ग्रामीण काफी राहत महसुस कर रहे हैं। भीषण गर्मी में ग्रामीणों को पेयजलापूर्ति के लिए इस तरह की व्यवस्था करना जिला प्रशासन की ओर से एक अच्छी पहल है। इस बाबत प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकारी कमल पहाड़िया ने बताया कि उपायुक्त, पाकुड़ के आदेशानुसार 15 वें वित्त आयोग योजना से लिट्टीपाड़ा प्रखण्ड के सभी ग्राम पंचायतों में टैंकर उपलब्ध है, किसी भी पंचायत या ग्राम के ग्रामीणों को पेयजलापूर्ति के लिए ग्राम पंचायत के पंचायत सचिव या मुखिया को आवेदन पत्र समर्पित करने या दूरभाष पर सम्पर्क करने पर पेयजल उपलब्ध कराईं जायगी।

# अनियंत्रित होकर पानी टेंकर किराना दुकान में घुसा, बाल बाल बचा परिवार

एनपीटी ब्यूरो

लातेहार (झा०खं०), लातेहार जिला अन्तर्गत बालूमाथ थाना क्षेत्र के खलारी मुख्य पथ पर सोमवार को भगिया ग्राम में एक अनियंत्रित पानी टेंकर किराना दुकान में जा घुसा जिससे दुकान का शटर टूट गया एवं दुकान में रखा अधिकांश सामान क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के सम्बन्ध में ग्रामीणों ने बताया कि उक्त पानी टैंकर उपकार इंफ्रा कंस्ट्रक्शन का है जो सड़क में पानी छिड़कने का कार्य करता है। पानी छिड़कने के दौरान टैंकर अनियंत्रित होकर भगिया ग्राम निवासी सविंदर यादव के किराना दुकान में जा घुसा। हालांकि इस दौरान दुकान मालिक बाल बाल बच गया। लेकिन उसके दुकान में रखा कई सामान दबाकर खराब हो गया और उसका दुकान का शटर भी टूट गया। जिससे लगभग साठ हजार रुपए का नुक्सान होने की सम्भावना जताई जा रही है।

# ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन ने की विरोध सभा का आयोजन

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), अप्रैल 2025 को समय करीब 12:00 से 12:30 बजे तक क्रू लॉबी पाकुड़ में एक विरोध सभा का आयोजन किया गया। जिसके माध्यम से रेलवे बोर्ड द्वारा कर्मचारी विरोधी निर्णय के प्रति असंतोष जाहिर किया। इस दौरान रेलवे बोर्ड द्वारा गठित उच्च स्तरीय जांच कमिटी के द्वारा लोको पायलट एवं अन्य रनिंग स्टाफ के समस्याओं को लेकर जो कुछ सुझाव दिया है, वह बिल्कुल ही तर्कहीन एवं कर्मचारी विरोधी है की आलोचनात्मक चर्चा की। बैठक में समीक्षात्मक चर्चा करने के दौरान साझा किया कि इस निर्णय से सुरक्षा मानकों पर बुरा प्रभाव पड़ने वाला है एवं आने वाले भविष्य में रोजगार के अवसर और भी संकुचित होंगे। इसके अलावे कई तरह से रेलवे में काम करने वाले रनिंग कर्मचारियों को मानसिक उत्पीड़न का शिकार होना पड़ रहा है ।जबकि ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन ने रेलवे बोर्ड से अनुरोध किया था कि उच्च स्तरीय जांच कमिटी द्वारा जांचोपरात एक ऐसी व्यवस्था की जाए, जिससे लोको रनिंग स्टाफ की कार्यशैली, कार्यशमता एवं उसके भोजन, रहने की व्यवस्था आदि में सुधार हो। बैठक के पश्चात मीडिया साझा किया कि उच्च स्तरीय कमिटी द्वारा लिया गया निर्णय एवं दिया गया सुझाव की ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन विरोध करता है एवं पूरे देश में इसी बाबत एक साथ भारत के सभी क्रु लॉबी में विरोध दिवस का आयोजन किया गया है। इस क्रम में शाखा अध्यक्ष अखिलेश कुमार चौबे शाखा सचिव संजय कुमार ओझा ,संयुक्त सचिव सुमन घोष, संगठन सचिव कुंदन कुमार सिंह ,अमर कुमार मल्होत्रा ,गौतम यादव ,उपाध्यक्ष बिहारी प्रसाद , विकास कुमार सहित अन्य कई कर्मचारी मौजूद रहे ।शाखा सचिव संजय ओझा ने बताया कि इस विरोध सभा के माध्यम से हम उच्च स्तरीय जांच कमिटी द्वारा लिये गये निर्णय की आलोचना करते हैं एवं सरकार से मांग करते हैं कि उन सुझावों को खारिज करते हुए फिर से इसकी जांच की जाय एवं रनिंग स्टाफ के लिए अनुकूल माहौल बनाया जाए साथ ही सुरक्षा विभाग में खाली पड़े पदों पर जल्द से जल्द नियुक्ति की जाए। इस विरोध सभा के उपरांत शाखा अध्यक्ष एवं शाखा सचिव ने अपने सभी कार्य समिति के सदस्यों को लेकर पाकुड़ यार्ड का निरीक्षण किया एवं कनीय अभियंता परितोष रंजन को स्थल पर बुलाकर आरओ वॉटर प्लांट लगाने हेतु स्टैंड तथा बाइक स्टैंड का निर्माण यथाशीघ्र पूर्ण करने का आग्रह किया। साथ ही पुराने यार्ड ऑफिस में सभी कमरों का रंग रोगन एवं संटिंग स्टाफ को बैठने की व्यवस्था इत्यादि सुनिश्चित करने के लिए सुझाव दिया। इसके अलावे कैरेज बैगन विभाग के कर्मचारियों के लिए डॉरमेट्री में टूटे हुए खिड़की को शीघ्र मरम्मत करने के लिए आग्रह किया गया । पुराने यार्ड ऑफिस में जो बाथरूम है, उसकी खिड़की एवं दरवाजा को बदलने हेतु भी स्थल निरीक्षण किया गया। इस पर कनीय अभियंता परितोष रंजन ने संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्रवाई की एवं ठेकेदार को बुलाकर सभी स्थलों पर उसे दिखाकर के जल्द से जल्द काम पूरा करने का भरोसा दिलाया।

## पहलगाम में हुई नृशंस हत्याओं के विरोध में

# राष्ट्रीय शिक्षण संस्थान संगठन के आव्हान पर जिले के सभी स्कूल रहे बंद

### अंबेडकर पार्क नवयुग मार्केट से घंटाघर रामलीला मैदान तक निकाला शांतिपूर्ण पैदल मार्च







**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

गाजियाबाद। कश्मीर के पहलगाम में हुई नृशंस हत्याओं की हृदय विदारक घटना के विरोध में राष्ट्रीय शिक्षण संस्थान संगठन के आव्हान पर मोदीनगर, मुरादनगर, गाजियाबाद, साहिबाबाद आदि सभी क्षेत्र के पब्लिक स्कूल बंद रहे। इस अवसर पर सभी विद्यालयों के मैनेजमेंट, प्रधानाचार्य व शिक्षक- शिक्षकों ने डॉक्टर बी आर अंबेडकर पार्क नवयुग मार्केट से चौपला मंदिर होते हुए रामलीला मैदान घंटाघर तक शांतिपूर्ण मार्च किया। मार्च का प्रारंभ विधायक संजीव शर्मा द्वारा किया गया व पूरे मार्च में उन्होंने सक्रिय भागीदारी निभाई। अंत में उपस्थित जनसमूह को उन्होंने संबोधित किया और कहा कि स्कूलों द्वारा राष्ट्रीय शिक्षण संस्थान संगठन के आव्हान पर शांतिपूर्ण श्रद्धांजलि मार्च अभूतपूर्व व काबिले तारीफ है। कार्यक्रम संयोजक पायलट राकेश त्यागी ने उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया और बताया कि सभी स्कूलों के व्यस्त कार्यक्रम होने के बावजूद सभी की भागीदारी से समाज में सकारात्मक संदेश जाएगा। इस अवसर पर जिले के लगभग 55 स्कूलों के मैनेजमेंट प्रधानाचार्य व शिक्षक - शिक्षिकाओं ने हजारों की संख्या में शांतिपूर्ण श्रद्धांजलि मार्च निकल। रास्ते में चलने वाले पैदल लोगों के अलावा व्यापारी वर्ग के लोग भी अपनी दुकानों से बाहर निकल आए और देशभक्ति का अभूतपूर्व वातावरण देखा। लोगों ने फूल बरसा कर सभी का स्वागत किया व विशेष कर अध्यापक-अध्यापिकाओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वे शिक्षा के अलावा समाज को जागरुक करने का काम भी कर रहे हैं। कश्मीर के पहलगाम में हुई नृशंस हत्याओं की हृदय विदारक घटना ने देश की अस्मिता को चुनौती दी है। इस घटना से संपूर्ण समाज आक्रोश में है और इस पैदल श्रद्धांजलि मार्च में भी इस घटना का विरोध देखा गया। इस अवसर पर विधायक संजीव शर्मा व राष्ट्रीय शिक्षण संस्थान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पायलट राकेश त्यागी के अलावा संगठन के अन्य सभी सदस्य अमिताभ शुक्ला, अनादी शुक्ला, राजीव त्यागी, स्वरूप चंद शर्मा ,एम एस त्यागी, भावना यादव, अर्चित त्यागी, दुष्यंत त्यागी, राजीव त्यागी, पुनीत लोधी, नीरज शर्मा, सुबोध त्यागी, सागर यादव, ललित त्यागी, अरविंद सिंह, सुनील चौधरी, रवि राणा, सुमित त्यागी, सागर यादव, नंदनी शेखर, पीएम उपाध्याय, रुचि गुप्ता, प्रीति गोयल, डॉ मिथिलेश शर्मा, सुषमा त्यागी, श्रीपाल यादव आदि अनेक सम्मानित स्कूलों के गणमान्य लोग को उपस्थित रहे।

# कवि नगर एम ब्लॉक की महिलाओं तथा अन्य ने निकाला कैंडल मार्च




**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

गाजियाबाद। सोमवार को समर्थ नारी समर्थ भारत संस्था के बैनर तले कवि नगर एम ब्लॉक की महिलाओं तथा अन्य निवासियों ने कैंडल मार्च का आयोजन किया। सभी ने एकजुट होकर कवि नगर एम ब्लॉक मंदिर से कवि नगर रामलीला मैदान तक कैंडल मार्च निकाला। यह मार्च पहलगाम में टूरिस्टों पर हुए कायराना आतंकी हमले के विरोध में आयोजित किया गया। इस कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए हमले में जान गंवाने वाले निर्दोष लोगों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई। कवि नगर रामलीला मैदान में एकत्रित सभी नागरिकों और महिलाओं ने गायत्री मंत्र का पाठ कर दो मिनट का मौन धारण कर शहीदों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी भारतवासी आतंकवाद के खिलाफ हमेशा एकजुट रहेंगे और अपनी आवाज बुलंद करते रहेंगे।

# धूमधाम से मनाया गया संत शिरोमणि सैन जी महाराज का जन्मोत्सव




**नेशनल प्रेस टाइम्स ,ब्यूरो।**

मोदीनगर। छतरी वाला शिव मंदिर में रविवार को अखिल भारतीय सैन समाज ट्रस्ट के तत्वाधान में श्री सैन जी महाराज का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया।। कार्यक्रम संयोजक व संस्था अध्यक्ष रविन्द्र सेन ने प्रतीक चिन्ह देकर अतिथियों को सम्मानित किया इस पावन अवसर पर नगरवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया आयोजन में संत समाज, भक्तजन और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम की शुरूआत पूजन और आरती से हुई। इसके बाद भजन-कीर्तन एवं संत वाणी के कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें संतों ने सैन जी महाराज के जीवन आदर्शों और शिक्षाओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली ने कहा कि संत सैन जी ने समाज में समरसता, सेवा और श्रम की महत्ता को विशेष रूप से प्रतिपादित किया है।

नगर के प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों में इस अवसर मोदीनगर विधायक मंजू सिवाच भी कार्यक्रम में उपस्थिति रही और संत सैन जी महाराज के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया।

आयोजन, में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस वर्ष का कार्यक्रम विशेष रूप से सामाजिक एकता और भाईचारे को समर्पित रहा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्थानीय समाजसेवियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# टीकाकरण के लिए पोर्टल पर शुरू हुई ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग

### गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए युविन सेल्फ रजिस्ट्रेशन पोर्टल से होगा सरल पंजीकरण और अप्वाइंटमेंट



गाजियाबाद। नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को सशक्त और पारदर्शी बनाने के लिए ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग की सुविधा शुरू की गई है। प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के निर्देश पर यह पहल की गई है। इसका उद्देश्य गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को समय पर टीकाकरण सुनिश्चित करना है।

नोडल अधिकारी डॉ. रविंद्र कुमार ने बताया कि टीकाकरण कराने वाला युविन सेल्फ रजिस्ट्रेशन डॉट एमओएचडब्ल्यू डॉट जीओवी डॉट इन पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। इसके लिए मोबाइल नंबर दर्ज कर ओटीपी के माध्यम से सत्यापन करना होगा। पंजीकरण के बाद एड मेंबर विकल्प पर जाकर गर्भवती महिला का नाम, आधार संख्या तथा अंतिम मासिक धर्म तिथि (एलएमपी) भरना आवश्यक है। बच्चों के पंजीकरण के लिए सबसे पहले उनके माता-पिता या अभिभावक का स्वयं का पंजीकरण करना अनिवार्य है। इसके बाद बच्चे का विवरण जोड़कर उसे परिवार सदस्य के साथ लिंक किया जाएगा। स्लॉट बुकिंग के लिए बुक अप्वाइंटमेंट टैब पर क्लिक कर सुविधानुसार टीकाकरण सत्र का चयन किया जा सकता है। टीकाकरण के बाद पात्र अपना डिजिटल प्रमाणपत्र युविन पोर्टल से सीधे मोबाइल पर डाउनलोड कर सकेंगे। सीएमओ डॉ. अखिलेश मोहन का कहना है कि यह व्यवस्था शुरू होने से टीकाकरण कराने वाले को लाइन में लगकर इंतजार नहीं करना होगा, बल्कि वह अपनी सुविधानुसार टीकाकरण करा सकेंगे।

# रायन इंटरनेशनल स्कूल, गाज़ियाबाद में विश्व पृथ्वी दिवस एवं पुरस्कार वितरण





**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

गाजियाबाद। रायन इंटरनेशनल स्कूल गाजियाबाद द्वारा 26 अप्रैल को विद्यालय के सभागार में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों के लिए विशेष सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभु वंदना, विशेष प्रार्थना, स्वागत गीत व नृत्य के साथ किया गया ' इस अवसर पर प्रतिष्ठित गणमान्य अतिथियों और अभिभावकों का स्वागत स्कूल बैंड, एनसीसी कैडेट्स द्वारा किया गया। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा पौधारोपण कर पृथ्वी को बचाने की मुहिम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की गई।विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजु शर्मा ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत नवोदित पौध देकर किया। कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने वाले अतिथियों में स्वाति शर्मा, वरिष्ठ कार्यक्रम प्रबंधक, एसोचैम फाउंडेशन फॉर सीएसआर और अनन्या अग्रवाल ( टेक्सटाइल डिजाइनर ), जिन्होने शिक्षा के क्षेत्र मे उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले कक्षा 6,7 व 8 के छात्रों को प्रशस्ति पत्र एवं स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया। सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम में धरती को सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने हेतु मूक नाटिका, वादन प्रस्तुति एवं प्रकृति की लय ने कार्यक्रम मे धूम मचा दी।

# बिल्डर के खिलाफ धरनारत किसानों का टूटा सब्र, मुंडन कराकर जताया विरोध, उग्र आंदोलन की चेतावनी दी

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

गाजियाबाद - किसानों ने चेतावनी दी कि जब तक न्याय नहीं मिलेगा तब तक उनका आंदोलन और तेज होता जाएगा और सड़कों पर मुंडन कराते हुए प्रदर्शन किया जाएगा।

गाजियाबाद के डासना के वेव सिटी क्षेत्र में बिल्डर के खिलाफ डेढ़ माह से धरनारत किसानों का सब्र सोमवार को टूट गया, जब बार-बार गुहार लगाने के बावजूद प्रशासन और वेव सिटी प्रबंधन ने कोई समाधान नहीं किया। किसानों ने अब विरोध का अनोखा तरीका अपनाया है।

किसान संघर्ष समिति के नेतृत्व में वेव सिटी कार्यालय के सामने बिल्डर से प्रभावित दर्जनों किसानों ने सामूहिक रूप से अपने सिर मुंडवाकर सरकार और वेव सिटी प्रबंधन के प्रति गहरा आक्रोश व्यक्त किया। इस अवसर पर किसानों ने वेव सिटी बिल्डर के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। किसानों ने कहा कि सरकार को किसानों की पीड़ा नहीं दिखाई दे रही है। इंसाफ के नाम पर सिर्फ तारीखें दी जा रही हैं, जबकि जमीनी स्तर पर समाधान शून्य है।

किसानों ने हिंदू धर्म की उस परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि जब कोई मर जाता है तो उसके बाद सिर मुंडन कराया जाता है और पिंडदान किया जाता है। हमारे लिए सरकार और प्रशासन मर चुके हैं, इसलिए अब हर आने वाला किसान भी धरना स्थल पर मुंडन कराकर बैठेगा और कहा कि 10 मई को पिंडदान किया जाएगा।

किसानों ने चेतावनी दी कि जब तक न्याय नहीं मिलेगा तब तक उनका आंदोलन और तेज होता जाएगा और सड़कों पर मुंडन कराते हुए प्रदर्शन किया जाएगा। धरना स्थल पर किसानों का आक्रोश और सामूहिक मुंडन कार्यक्रम प्रशासन और सरकार के लिए एक बड़ा संदेश बन गया है कि अगर अब भी किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन उग्र रूप ले सकता है।

किसानों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, गाजियाबाद पुलिस और जिलाधिकारी को भी ट्वीट कर अपनी पीड़ा से अवगत कराया है। इस अवसर पर कई ग्रामीण मौजूद रहे।

'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com
नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

# आईटीएस गाजियाबाद में दो दिवसीय वैश्वीकरण 5.0 नवाचार, उद्यमिता और सतत विकास विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

गाजियाबाद। आईटीएस मोहन नगर गाजियाबाद में 24- 25 अप्रैल को आयोजित ह्लवैश्वीकरण 5.0 नवाचार, उद्यमिता और सतत विकासह्व विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि सुनील कुमार शर्मा, सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार, आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आर पी चड्ढा, आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप के निदेशक पीआर सुरिंदर सूद, विशेष अतिथि संजीव रॉय यूनेस्को फेलो इरास्मस मुंडस स्कॉलर (यूरोपीय आयोग) यूरोपीय संघ-भारत-ब्रिटेन उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान सलाहकार तथा विशेष अतिथि मिस स्वाति सिंह निदेशक व्यापार नीति प्रभाग भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई), इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस के निदेशक डॉ वी एन बाजपेयी, आई.टी.एस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय कुमार द्वारा परंपरागत रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आर पी चड्ढा ने मुख्य अतिथि सुनील कुमार शर्मा का स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुनील कुमार शर्मा ने कहा की वैश्वीकरण 5.0 एक नए युग का प्रतीक है, जो न केवल डिजिटल रूप से जुड़ा हुआ है, बल्कि गहराई से मानव-केंद्रित है। चूंकि हम अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी और सतत विकास के चौराहे पर खड़े हैं, इसलिए हमारी जिम्मेदारी न केवल नवाचार करना है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि नवाचार हर नागरिक, हर समुदाय की सेवा करे। प्रथम पैनल चर्चा - नवाचार, उद्यमिता और सतत विकास विषय में डॉ. पीयूष सिन्हा, निदेशक, सलाहकार और अनुसंधान, सीआरआई पूर्व प्रोफेसर, आईआईएम अहमदाबाद, डॉ. एस. राचप्पा, एसोसिएट प्रोफेसर आईआईएम कोज़िकोड, प्रो. आनंद ठाकुर, प्रोफेसर और डीन स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ पंजाब, रोहित स्वरूप, संस्थापक निदेशक, एक्सप्लोरा डिजाइन स्कूल और फ़्यूचरज एक्सप्लोरड, अहमदाबाद जैसे प्रतिष्ठित वक्ता शामिल हुए।

द्वितीय पैनल चर्चा वैश्विक समृद्धि के लिए सतत समावेशी विकास विषय में स्वेतलाना एस बोड्नोवा प्रोफेसर एवं प्रमुख, अंतर्राष्ट्रीय मीडिया अनुसंधान केंद्र,सेंट पीटर्सबर्ग स्टेट यूनिवर्सिटी, रूस, एड्रियाना बर्ली-शियोपोइउ, प्रोफेसर, क्रायोवा विश्वविद्यालय, रोमानिया, इलियास हाडजीलियास, प्रोफेसर, उद्यमिता और पारिवारिक व्यवसाय, साइप्रस प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, साइप्रस, अंकित कतरोदिया, सह झ प्राध्यापक, आर्थिक एवं प्रबंधन विज्ञान संकाय, नॉर्थ वेस्ट यूनिवर्सिटी, माहिकेंग, दक्षिण अफ्रीका, मैकारियो गायेता, प्रोफेसर, फिलीपीन क्रिश्चियन यूनिवर्सिटी, मनीला, मारिया हाडजीलिया ड्रोटारोवा, अनुसंधान के प्रमुख पर्यटन और आतिथ्य, सीटीएल यूरो कॉलेज, लिमासोल, साइप्रस, इवान मुनीज रोथगीसेर, प्रोफेसर एवं निदेशक, एसीसीईडीयू, यूनिवर्सिडैड एंड्रेस बेल, पेरू प्रतिभागियों को संबोधित किया। दो दिन की कांफ्रेंस में तीन अलग अलग सत्रों में विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित विद्वानों द्वारा क्रमश डॉ. टीना बग्गा, प्रोफेसर, जामिया मिलिया विश्वविद्यालय, नई दिल्ली, डॉ. रितु सपरा, प्रोफेसर, दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, डॉ. पुष्पेंद्र कुमार, प्रोफेसर, किरोरीमल कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय की अध्यक्षता में 70 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में मुख्यतः वैश्वीकरण 5.0 के माध्यम से तकनीकी प्रगति, मानवीय मूल्यों, नवाचार और सतत विकास की संभावनाओं पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम आयोजन पर आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आरपी चड्ढा ने प्रसन्नता व्यक्त की। आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने समाज को सशक्त बनाने और सामाजिक मूल्यों के उत्तरदायित्व के निर्वहन पर संस्थान की कटिबद्धता दोहराई और आयोजको को कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं।

स्वामी' प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं **बैकुंठ मीडिया, 47 बेसमेंट, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद** (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, **nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com** नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।